आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 71 रांची, शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com





## संक्षिप्त

### पुलिस मुख्यालय का निर्देश - थानास्तर पर अच्छे कामों का करें प्रचार

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों के वरीय अधीक्षकों और अधीक्षकों को थाना स्तर पर सकारात्मक पुलिसिंग कार्यों के प्रचार का आदेश दिया है। मुख्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक थाना अपने क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों, उल्लेखनीय उपलब्धियों, सामुदायिक भागीदारी और जनहित में किए गए प्रयासों को नियमित रूप से सार्वजनिक करें। इसके लिए स्थानीय समुदाय, प्रभावशाली व्यक्तियों (इन्फ्लुएंसर्स), मीडिया प्लेटफॉर्म, विभागीय वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल का उपयोग करने को कहा गया है। यह निर्देश गृह मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नई दिल्ली द्वारा भेजे गए पत्र के आलोक में जारी किया गया है। मुख्यालय ने सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि इन बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट की हार्ड व सॉफ्ट कॉपी ईमेल के जरिए भेजने को कहा गया है।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में बीते 24 घंटे में सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस द्वारा चलाए गए अलग-अलग अभियानों में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। साथ ही विभिन्न प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के कैडरों तथा एक जेल वार्डन को गिरफ्तार किया गया। इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई थाना अंतर्गत लोइतांग लैकिंथाबी पहाड़ी क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने एक एके-47 घातक राइफल मैगजीन सहित, दो .303 राइफल, एक डबल बैरल राइफल, एक सिंगल बैरल राइफल, तीन नंबर-36 एचई ग्रेनेड तथा पांच आईईडी बरामद किए। वहीं, वांगोई थाना क्षेत्र के हियांगथांग ताराहेई आवांग लैकाई के तलहटी क्षेत्र से तीन हैंड ग्रेनेड, एक हाई एक्सप्लोसिव बम, विभिन्न कैलिबर के 15 जिंदा कारतूस, चार 5.56 मिमी के खाली खोखे, एक ट्यूब लॉन्चर तथा ग्रीन 90 एकेएफजी अंकित दो अज्ञात विस्फोटक बरामद किए गए। तेंगनौपाल जिले के मोरेह थाना अंतर्गत यांगौबुंग क्षेत्र (बीपी-72 के निकट) से सुरक्षा बलों ने दो पिस्तौल मैगजीन सहित तथा दो चीनी हैंड ग्रेनेड बरामद किए। बरामद ग्रेनेडों को मौके पर ही निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया गया।

### बीजापुर में नक्सलवाद के खत्मे को लेकर अभियान शुरू

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तेलंगाना सीमा के पास नांवी और करेर्गुट्टा की पहाड़ियों से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए सुरक्षाबलों ने व्यापक अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बड़े नक्सली कैडरों की तलाश और उनका सफाया करना है। नांवी और करेर्गुट्टा पहाड़ियों में सघन सर्च ऑपरेशन चल रहा है। सूत्रों के अनुसार अभियान में बड़ी संख्या में जवान शामिल हैं, जो नांवी और करेर्गुट्टा पहाड़ियों में सघन सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। यह कार्रवाई केंद्र एवं राज्य सरकार के उस लक्ष्य का हिस्सा है, जिसमें मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने की योजना बनाई गई है। इससे पहले अप्रैल-मई 2025 में करेर्गुट्टा पहाड़ियों को नक्सल प्रभाव से मुक्त करने के लिए सुरक्षाबलों ने लंबे समय तक ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट चलाया। इस दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया गया था।

## झारखंड विस बजट सत्र : विधानसभा में राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत और जी राम जी के मुद्दे पर नोकझोंक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए सत्तापक्ष के विधायक हेमलाल मुर्मू ने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के प्रोटोकॉल तथा वीबी जी राम जी योजना को लेकर गुरुवार को आपत्ति जताई, जिस पर सदन में तीखी बहस छिड़ गई। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि हाल में राष्ट्रीय गीत (वंदे मातरम) को राष्ट्रीय गान (जन मन) से पहले गाना अनिवार्य किए जाना एक धर्मनिरपेक्ष राज्य में सांप्रदायिकता की झलक मिलती है।

उन्होंने वंदेमातरम के कुछ अंशों पर ऐतिहासिक विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए। साथ ही उन्होंने मनरेगा के नामकरण, जी राम जी, ओबीसी के आरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उनके वक्तव्य के दौरान भाजपा विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई। विधायक नीरा यादव ने कहा कि राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत जिसपर देश को अभिमान है लेकिन पता नहीं क्यों राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान, गाने पर आपत्ति होती है। समझ से परे है। जानबूझकर केंद्र के हर फैसले का विरोध करते हैं जो उचित नहीं है। हेमलाल मुर्मू ने आगे मनरेगा योजना पर चर्चा की। बताया कि बहुत सोच विचार के बाद केंद्र सरकार ने मजदूरों को 100 दिन काम देने की गारंटी दी। अब इसे बदल कर भाजपा मनरेगा से महात्मा गांधी को हटाना चाहती है। अब नाम बदल कर इसे जी रामजी कर दिया। ऐसा लगता है आगे चल कर इसका नाम हनुमान जी कर देंगे।



### पेसा कानून को लेकर भी हुई चर्चा

इसके बाद हेमलाल मुर्मू ने पेसा कानून को लेकर चर्चा शुरू की। कहा कि भाजपा इसे लेकर लोगों को बरगलाती रही है। आदिवासियों का सरना धर्म कोड की मांग बहुत पुरानी है। हमारी सरकार इसे विधानसभा से पास कराकर भेजती है। केंद्र सरकार इसे दरकिनार करती रही है। मोहन भागवत यहां आते हैं, तो वह सरना धर्म कोड के भाजपा के एजेंडे को बेनकाब करते हैं। भाजपा ओबीसी विरोधी भी है। हमारी सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया। लेकिन भाजपा ने इसे कम करके 14 प्रतिशत कर दिया और और कहते हैं बड़े हिमायती हैं ओबीसी के। इसी बीच भाजपा विधायक सीपी सिंह ने बोलना शुरू किया। कहा कि माननीय ओजस्वी भाषण दे रहे हैं। लेकिन पता नहीं क्यों ये भाजपा में भी आये थे। इस पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि भाजपा में रहकर अब कोई नहीं जीतेगा। हेमलाल मुर्मू ने आगे कहा कि भाजपा युवाओं को बरगला कर उन्हें कोर्ट भेज देती है ताकि युवाओं को नौकरी नहीं मिले।

### आधार सुधार केंद्र जिला स्तर पर खोलने की मांग केंद्र से करेगी राज्य सरकार

**बजट** सत्र के दूसरे दिन भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने सदन को बताया कि आधार कार्ड में त्रुटी को ठीक कराने में लोगों को बड़ी दिक्कत हो रही है। 30 दिन से 90 दिन तक लग रहा है। रांची तक आना पड़ रहा है। इसलिए सरकार जिलों में आधार कार्ड में त्रुटी को ठीक करने की व्यवस्था करें। परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा ने जवाब देते हुए कहा कि आधार में सुधार की प्रक्रिया भारत सरकार करती है। इसका मुख्यालय बेंगलुरू में है। इसलिए केंद्र निलंबित है, वह केंद्र के द्वारा किया गया है। सुधार की प्रक्रिया जिला मुख्यालय या प्रमंडलीय मुख्यालय में सेंटर खोलने का आग्रह भारत सरकार से करेंगे।

### सदन में सुचारू रूप से चला प्रश्न काल

**झारखंड** विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही 11.05 बजे शुरू हुई। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई। प्रश्न काल सुचारू रूप से चला। इस दौरान ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो ने चांडिल डैम से प्रभावित विस्थापितों के पुनर्वास का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि चांडिल डैम से प्रभावित विस्थापितों का अब तक पुनर्वास नहीं किया गया है। दो साल से कोई बैठक नहीं हुई है। इस पर जल संसाधन मंत्री हफीजुल अंसारी ने जवाब दिया कि विस्थापितों को पैसा दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का किया उद्घाटन

## मानवता के हित में होना चाहिए एआई का विकास : पीएम मोदी

**सबकी भलाई और सबकी खुशी ही हमारा मानदंड : पीएम मोदी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी स्थित भारत मंडपम उस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के वैश्विक भविष्य पर मंथन हो रहा है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसका निमार्ता और मार्गदर्शक बन चुका है।

उन्होंने जोर देकर कहा, टेक्नोलॉजी बनाना और अपनाना दोनों भारत के डीएनए में है। उन्होंने कहा सबकी भलाई और सबकी खुशी हमारा बेंचमार्क है। एआई इम्पैक्ट समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के भविष्य के लिए मन-सेंट्रिक विजन प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सबकी भलाई और सबकी खुशी हमारा बेंचमार्क है और एआई को केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि मानवता के हित में उपयोग होने वाली शक्ति के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने चेतावनी दी कि इंसानों को एआई के लिए केवल डेटा पॉइंट या रॉ मटेरियल नहीं बनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एआई को डेमोक्रेटाइज करना और इसे सबको साथ लेकर चलने वाला मॉडल बनाना समय की मांग है। पीएम ने जोर देकर कहा कि हमें एआई को आगे बढ़ने का खुला अवसर देना चाहिए, लेकिन कमांड हमारे हाथ में ही रहनी चाहिए। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने एआई गवर्नेंस के लिए मानव फ्रेमवर्क पेश किया।



### भारत के डीएनए में टेक्नोलॉजी बनाना और अपनाना

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़े टेक टैलेंट पूल का केंद्र है। भारत नई टेक्नोलॉजी विकसित भी करता है और उसे अभूतपूर्व गति से अपनाता भी है। 100 से अधिक देशों की भागीदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे भारत और पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय बताया। युवा पीढ़ी द्वारा एआई को तेजी से अपनाने को उन्होंने भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत बताया। मोदी ने कहा कि मशीन लर्निंग से लर्निंग मशीन तक का सफर तेज, गहरा और व्यापक है। हमें विजन भी बड़ा रखना है और जिम्मेदारी भी उतनी ही निभानी है। समापन में उन्होंने वैश्विक समुदाय से आहवान किया कि एआई को दुनिया की सामूहिक भलाई के लिए विकसित करने का संकल्प लिया जाए।

### एआई समिट में दुनिया को दिया नेतृत्व का संदेश

औपचारिक उद्घाटन सत्र में वैश्विक नेताओं की उपस्थिति ने भारत की बढ़ती साख को और मजबूत किया। फ्रांस के राष्ट्रपति एम्मनुल मेक्रोन ने भारत के डिजिटल इकोसिस्टम और पेमेंट सिस्टम की खुलकर सराहना की। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटारेस ने चेताया कि एआई का भविष्य कुछ गिने-चुने अरबपतियों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने ग्लोबल साउथ की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत इसमें नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है।

## केरल की नन्हीं आलिन के अंगदान पर सीएम हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

**केरल सरकार ने आलिन के अंतिम संस्कार को राजकीय सम्मान देकर मानवता के संदेश को दी ऊंचाई : सीएम**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर कहा है कि हमारे देश, केरल की नन्ही बिटिया आलिन शेरिन अब्राहम... यह नाम पूरे देश को द्रवित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अपनी संतान को खो देना किसी भी माता-पिता के लिए सबसे असहनीय क्षण होता है। ऐसे समय में, जब हृदय शोक से भरा हो, अपने जिगर के टुकड़े के अंग दान करने का निर्णय शेरिन एन जॉन और अरुण अब्राहम के लिए साधारण नहीं, बल्कि अद्भुत साहस, त्याग और करुणा का उदाहरण है। यह केवल अंगदान नहीं था, यह मानवता के प्रति उनकी अटूट आस्था का जीवंत प्रमाण था। आलिन का जीवन भले ही अल्पकालिक रहा, पर आज वह कई घरों की उम्मीद बनकर जीवित है और अमर हो गई है।

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा है कि दिवंगत आलिन के माता-पिता ने जो किया, वह पूरी मानवता के लिए एक अमिट मिसाल है ऐसी मिसाल जो हर सीमा, हर भाषा और हर भेद से भी ऊपर है। मैं नन्ही आलिन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और दिवगंत आत्मा के माता-पिता के अद्वितीय साहस को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि केरल के मुख्यमंत्री आदरणीय पिनारयी विजयन की संवेदनशीलता को भी नमन करता हूं, जिन्होंने दिवगंत आलिन के अंतिम संस्कार को राजकीय सम्मान देकर मानवता के इस संदेश को और ऊंचाई दी है। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा है कि दूसरों को जीवन देने का महादान है- अंगदान। झारखंड राज्य में भी अंगदान की नीति को और सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर आवश्यक कदम उठाएगी।

### सीएम ने दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो को अर्पित की श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को धनबाद जिले के बलियापुर (बड़ादाहा) स्थित आवास पर पहुंचे और पूर्व विधायक आनंद महतो के दिवंगत सुपुत्र डॉ. बुद्धदेव महतो के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने दिवंगत डॉ. बुद्धदेव महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दु:ख की घड़ी में संबल और धैर्य दें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने पूर्व विधायक आनंद महतो और उनके परिजनों से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा उन्हें ढांढ़स बंधाया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण शोकाकुल रहा और उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## विधानसभा स्पीकर के साथ बिहार के 42 विधायकों को जाना होगा पटना हाईकोर्ट

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा के स्पीकर प्रेम कुमार सहित कुल 42 विधायकों को अब हाईकोर्ट जाना होगा। पटना हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष कुमार के अलावा कुल 41 विधायकों को नोटिस दे दिया है। पटना उच्च न्यायालय के इस नोटिस को पाने वाले सत्ताधारी और विपक्ष के कुल 42 विधायक शामिल हैं। इसमें ऊर्जा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव भी शामिल हैं। दरअसल, पटना हाईकोर्ट ने ये नोटिस चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी के आरोप वाली याचिका सुनवाई करने के बाद दिया है। पटना हाईकोर्ट ने सभी आरोपी विधायकों से चुनावी एफिडेविट (हलफनामे) में कथित गलत जानकारी और अनियमितता के आरोपों पर जवाब तलब किया है। केस की संजीदगी को देखकर पटना हाईकोर्ट ने सभी 42 विधायकों को तय समय में नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। इस नोटिस के बाद सियासी गलियारे में खलबली मच गई है।

27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## छत्तीसगढ़ की तर्ज पर एमपी सरकार कर सकती है नियुक्ति

एजेंसी

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बढ़े हुए आरक्षण पर मध्य प्रदेश सरकार नियुक्तियां कर सकती है। हालांकि एक्ट सही या गलत इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इसके साथ ही अब इस मामले की सुनवाई मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ही करेगा। स्ट ने कहा कि सुनवाई के लिए हाईकोर्ट स्वतंत्र है। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण मामले में लेट लतीफी के लिए मध्य प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया हैं। वहीं एमपी हाईकोर्ट के सभी इंट्रीम ऑर्डर निष्प्रभावी हो गए हैं। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार ने ओबीसी में 27 फीसदी आरक्षण की याचिका हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कार्रवाई थी। सुप्रीम कोर्ट यह पहले कह चुकी थी कि राज्य के कानून की संवैधानिकता का अनुच्छेद 226 के तहत परीक्षण करने का सर्वप्रथम हाईकोर्ट को अधिकार है। यह भी बता दें कि एमपी में ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है, लेकिन ओबीसी वर्ग 27 फीसदी आरक्षण के पेंच में उलझ गया है। मध्यप्रदेश में हो रही भर्ती परीक्षाओं में 87:13 का फॉमूर्ला लागू है, इसके तहत 87 प्रतिशत रिजल्ट जारी हो रहे हैं, जबकि 13 प्रतिशत रिजल्ट होल्ड पर हैं।



## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और पत्नी निर्मला गिरफ्तार, ग्रामीणों में रोष

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दोनों की गिरफ्तारी गुरुवार की दोपहर लगभग तीन बजे हुई। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री पर बड़कागांव, केरेडारी, पगार ओपी सहित कई थानों में मामले दर्ज थे। पूर्व मंत्री 31 दिसंबर 2025 से एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। पुलिस ने धरना स्थल से ही उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से पहले, पूर्व मंत्री अपनी बेटी और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के साथ दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। दिल्ली से लौटकर वे गुरुवार को चट्टी बरियातू स्थित धरना स्थल पर पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। इधर ये दोनों की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों और ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है।

फ्रीबीज बांट रहे राज्यों पर नाराज हुए सीजेआई सूर्यकांत, बोले -

## मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की जगह रोजगार दें

**अदालत ने कहा – देश में केंद्र और राज्यों सरकार को रोजगार पर ध्यान देना चाहिए**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने चुनाव के दौरान फ्रीबीज बांट रहे राज्यों को कड़ी फटकार लगा दी है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि आखिर करदाता के अलावा इन योजनाओं का खर्च और कौन उठाने वाला है। उन्होंने कहा कि भोजन और बिजली के बाद अब सीधा कैश ट्रांसफर होने लगा है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि देश में केंद्र और राज्यों सरकार को रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास पर अब कम खर्च किया जा रहा है। दरअसल सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कर्ज के बाद भी राज्यों की तरफ से मुफ्त में चीजें बांटने पर चिंता जाहिर कर दी। उन्होंने सवाल किया, आखिर करदाता नहीं, तब इन योजनाओं के लिए भुगतान कौन करेगा सुप्रीम कोर्ट ने नकद बांटने और मुफ्त की सुविधाएं देने को लेकर वित्तीय समझदारी पर भी सवाल उठाए हैं। सीजेआई का कहना है कि राज्यों को मुफ्त की रेवड़ियां या डोल्स बांटने के बजाय रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।



सीजेआई ने चेताया है कि विकास पर अब कम खर्च हो रहा है। उन्होंने कहा, अगर आप मुफ्त खाना..., मुफ्त साइकिल...,मुफ्त बिजली देते... और अब तक सीधा कैश ट्रांसफर हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने कहा है कि कई राज्य राजस्व घाटे का सामना कर रहे हैं, लेकिन फिर भी कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार किए हुए हैं। कोर्ट का मानना है कि कर्मचारियों के वेतन और मुफ्त की सुविधाओं का बोझ इतना बढ़ गया है कि वे विकास के लिए जरूरी फंड को खत्म कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम बनाम भारत सरकार केस की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने निगम को उपभोक्ता की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को मुफ्त बिजली देने का वादा करने के लिए फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त की सेवा के कल्चर की कड़ी आलोचना की। साथ ही कहा कि यह आर्थिक विकास में बाधा डालती है।

नाम, लोगो का दुरुपयोग करने वाले एनजीओ पर सख्ती

## मानवाधिकार आयोग का राज्यों को नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उन गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के खिलाफ स्वतः संज्ञान लिया है जो आयोग के नाम, लोगो और पदनामों का दुरुपयोग करके जनता को भ्रमित कर रहे हैं। इस मामले को लेकर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सख्त कार्रवाई तथा दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि कई एनजीओ खुद को राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद जैसे नामों से पंजीकृत करवा रहे हैं, जो सुनने में आधिकारिक वैधानिक निकाय जैसा लगता है। आयोग ने स्पष्ट किया कि ये संगठन अध्यक्ष जैसे पदनामों का उपयोग कर जनता में भ्रम पैदा कर रहे हैं। इन भ्रामक नामों के कारण लोग इन्हें आयोग का हिस्सा या उससे मान्यता प्राप्त समझ लेते हैं। इससे न केवल जनता का विश्वास कम हो रहा है बल्कि धन के गबन और जनादेश के दुरुपयोग की भी आशंका है।

आयोग के अनुसार हाल ही में एक मामला सामने आया है जहां राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद नाम का एक एनजीओ दिल्ली में पंजीकृत पाया गया जबकि वह कर्नाटक में सक्रिय है। इसके प्रचार सामग्री में नीति आयोग और विभिन्न मंत्रालयों से संबद्ध होने के बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। इस मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को इस एनजीओ के पंजीकरण और गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। इन मामलों के मद्देनजर आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और डीजीपी को नोटिस जारी करके निर्देश दिया है कि आयोग के नाम या लोगो का दुरुपयोग करने वाले व्यक्तियों और संगठनों की तत्काल पहचान की जाए।

# मीट और चिकन दुकानों की जांच में कई दुकानों पर लगा जुर्माना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** सिविल सर्जन सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने चितरपुर और कोठार क्षेत्र में संचालित मीट और चिकन दुकानों का सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि अधिकांश दुकानें भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जारी लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के बिना संचालित हो रही थीं। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 के शेड्यूल-5 के अनुरूप स्वच्छता और मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था और कई दुकानों में अत्यधिक गंदगी पाई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए चितरपुर में न्यू महतो मटन शॉप पर 5000, मेहता मीट दुकान पर 5000 और रामगढ़ के कोठार चौक तौफीक अंसारी पर 5000 का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा दुकानों को सुधार करने के लिए नोटिस जारी किया गया। विभाग की ओर से जिन दुकानों को नोटिस जारी की गई है उनमें न्यू महतो मटन शॉप, मेहता मटन दुकान, लालू मटन दुकान, जय मां काली मटन दुकान, अनिल मुर्गा दुकान (चितरपुर), राजेश चिकन शॉप (कोठार) एवं देवानंद मटन शॉप (जेल मोड़, कोठार) शामिल हैं। वहीं जांच टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह, रामनाथ प्रसाद, लुकेश रवानी तथा रजरप्पा प्रोजेक्ट थाना के गश्ती दल के सदस्य शामिल थे। इधर, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह ने बताया कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की जांच आगे भी जारी रहेगी। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चूटूपालु घाटी में बाइक पर पलटा अनियंत्रित ट्रेलर, एक की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ।** चूटूपालु घाटी (एनएच-33) में गुरुवार को रांची की ओर से तेज रफ़्तार ट्रेलर (एनएल 01एल-9799) का अचानक ब्रेकफेल हो गया। इससे ट्रेलर पूरी तरह से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर फोरलेन सड़क के दूसरे छोर में तड़पर कर बाइक पर पलट गया। इससे रांची की ओर जा रहे बाइक (जेएच01 डीडी-2053) ट्रेलर की चपेट में आ गया। इस घटना में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना में ट्रेलर के चालक और खलासी भी घायल हो गये। सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस और एनएचएआइ की रेस्क्यू टीम घटना स्थल पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजवाया जहां बाइक सवार युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान कुजू ओपी क्षेत्र के दुघमटिया निवासी राहुल करमाली के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त

### हिंदू सम्मेलन को लेकर किया गांवों में किया गया प्रचार अभियान




**राहे।** प्रखंड के शिवटंगरा मंदिर परिसर में 8 मार्च को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर गुरुवार को कमिटी के सदस्यों ने चुतरुडीह, बरवाडीह उरांवडीह ओर पुरानानगर गांव में घर घर जाकर हिन्दू सम्मेलन के विषय में जानकारी दिया गया। लोगों को सम्मेलन में उपस्थित होने के न्यौता भी दिया गया।

### कांग्रेस ने किया मनोनीत बोदरा को विजयी बनाने की अपील



**खूंटी।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर गुरुवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में खूंटी नगर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क यात्रा निकाल कर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मनोनीत बोदरा को विजयी बनाने की लोगों से अपील की गई। इस दौरान जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत कर्रा रोड से हुई, चौधरी मुहल्ला, लियाकत अली रोड, जन्नत नगर एवं मिश्रा टोली से होते हुए कार्यालय तक पहुंची। इस दौरान कार्यकताओं ने आम नागरिकों से बातचीत कर नगर पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस की सोच, नीतियों और प्राथमिकताओं से अवगत कराया। जनसंपर्क के दौरान पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में नागरिकों ने अभियान में भागीदारी निभाते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग का संदेश दिया।

### दो महीने से बंद पतराहातू जलापूर्ति योजना जल्द ही होगी शुरू

**सिल्ली।** सिल्ली के पतराहातु में पिछले दो महीने से बंद पड़े जलापूर्ति योजना को अब जल्दी ही चालू कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि इस जलापूर्ति योजना पर करीब छह सौ से ज्यादा कनेक्शन है, अभी सभी जल संकट से जूझ रहे है। पीएचईडी विभाग के एसडीओ तेलेस्फोर मिंज ने बुधवार को जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इसे करीब एक पखवाड़े की भीतर ही चालू कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि इस जलापूर्ति योजना में साढ़े सात एचपी क्षमता के दो पंप है दोनों ही पिछले दो महीने पूर्व ही जल चुके हैं।

# उपायुक्त और एसपी ने किया वज्र गृह का निरीक्षण, दिए निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने गुरुवार को कदमा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति भवन में बन रहे वज्र गृह, रिसीविंग सेंटर एवं प्रस्तावित मतगणना केंद्र का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया।

साथ ही निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सभी आरओ एवं विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मतगणना कक्ष, वज्रगृह, रिसीविंग सेंटर सहित अन्य कक्ष का जायजा लिया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, पार्किंग, मीडिया गैलेरी तथा अभ्यर्थियों एवं मतगणना एजेंट के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने वज्र गृह की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने पर बल दिया। विभिन्न कोषांगों की समीक्षा उपायुक्त ने नगरपालिका निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मीडिया कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग तथा नियंत्रण कक्ष के सुचारु क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य में लगे मतदान एवं मतगणना कर्मियों को अच्छे से प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था एवं पुलिस बल के साथ टैगिंग, अंतिम रेंडमाइजेशन सहित अन्य विषयों पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विचार विमर्श कर संबंधित कोषांग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 22 फरवरी को मतदान कर्मियों को उपायुक्त ने मतदान के लिए जरूरी सामग्री के साथ ससमय डिस्पैच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मतदान के दिन ससमय मतदान प्रारंभ कराने, मतदान केंद्र को सुव्यवस्थित रखने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में समस्या न हो।

# सोनाहातू में दो महीने से जलापूर्ति योजना ठप्प



**सोनाहातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जलापूर्ति केंद्र से पेयजल सप्लाई दो माह से ठप्प पड़ा है। इस जलापूर्ति केंद्र से बारूहातू और सोनाहातू पंचायत के दर्जनों गांवों के लोगों में पेयजल आपूर्ति किया जाता है। लेकिन पानी सप्लाई बंद होने के कारण कई गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।इन समस्या को लेकर सोनाहातू के मुखिया विकास सिंह मुंडा ने गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी मनोज महथा को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि जलापूर्ति केंद्र से पानी सप्लाई ठप्प होने के कारण पंचायत के ग्रामीणों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का समाधान अविलंब किया जाय। ग्रामीणों ने विभाग के जेई और एई को कई बार शिकायत की है, लेकिन इस मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अमित महतो को भी लिखित शिकायत की है। लेकिन कोई कारगर पहल अभी तक नहीं की गई है।

## सिल्ली अंचल कार्यालय के अमीन को 8 हजार घूस लेते एसीबी अधिकारियों ने रंगेहाथ पकड़ा

**सिल्ली।** सिल्ली अंचल कार्यालय में गुरुवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए



सिल्ली अंचल कार्यालय में कार्यरत अमीन गणेश महतो को 8,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक, अमीन ने जमीन की नापी रिपोर्ट और नक्शा उपलब्ध कराने के बदले घूस की मांग की थी। इसकी शिकायत परिवादी वासुदेव महतो ने एसीबी में दर्ज कराई थी।बताया गया कि परिवादी ने 16 दिसंबर 2025 को जमीन नापी के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया था। 10 फरवरी 2026 को भूमि की नापी की गई। इसके बाद अमीन कथित तौर पर रिपोर्ट और नक्शा जारी करने के एवज में 12500 रुपए रिश्वत मांगा था एवं जिसपर 8000 रुपए में तय हुआ था। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की सत्यापन जांच कराई। जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और अमीन को घूस की रकम लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। वहीं एसबी के अधिकारियों ने बताया इस काम में एहां के प्राइवेट आमीन भी सामिल हैं जो आज आज बच गए। हमारी नजर यहां के प्राइवेट आमीनों पर भी है। एसीबी की इस कार्रवाई के बाद अंचल कार्यालय में हलचल है। एसीबी अधिकारियों ने सिल्ली थाना में जरुरी प्रक्रिया पुरी कर गणेश महतो की जब्त मोटर साइकिल थाना को सुपुर्द कर दी।

## विधायक ने कोल्ड स्टोर को चालू करने और गोला प्रखंड में नए कोल्ड स्टोर के निर्माण की मांग उठाई

**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने गुरुवार को विधानसभा के सदन में तारांकित प्रश्न के माध्यम से किसानों के हित से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने चित्तरपुर प्रखंड के मरंगमरचा स्थित बंद पड़े कोल्ड स्टोर को अविलंब चालू करने और गोला प्रखंड में नए कोल्ड स्टोर के निर्माण की मांग की। विधायक ममता देवी ने सदन में कहा कि रामगढ़ जिले के किसान सब्जी, फल एवं अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन तो कर रहे हैं, लेकिन कोल्ड स्टोरेज की सुविधा के अभाव में उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। मरंगमरचा स्थित कोल्ड स्टोर लंबे समय से बंद पड़ा है, जिसके कारण किसानों को मजबूरी में अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ती है।उन्होंने कहा कि गोला प्रखंड एक प्रमुख कृषि क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में किसान सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती करते हैं। यदि यहां कोल्ड स्टोर का निर्माण किया जाए, तो किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने, बाजार तक सही समय पर पहुंचाने और बेहतर दाम प्राप्त करने में मदद मिलेगी। विधायक ने सरकार से मांग की कि मरंगमरचा कोल्ड स्टोर को शीघ्र चालू किया जाए और गोला प्रखंड में नए कोल्ड स्टोर के निर्माण के लिए आवश्यक बजट एवं स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और कृषि को बढ़ावा मिल सके।

# सदका-ए-फित्र 82 रुपये प्रति व्यक्ति तय एदारा-ए-शरिया की बैठक में निर्णय

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** एदारा-ए-शरिया की ओर से गुरुवार को हिंदपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज में बैठक हुई। महासचिव मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी की पहल और मौलाना मुफ्ती एजाज हुसैन की सदारत में हुई बैठक में सदका-ए-फित्र की राशि निर्धारित की गई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस वर्ष प्रति व्यक्ति 82 रुपये के हिसाब से सदका-ए-फित्र अदा किया जाएगा। उलेमाओं ने कहा कि शरीयत की रोशनी में प्रत्येक साहिब-ए-निसाब (सक्षम व्यक्ति) पर वाजिब है कि वह अपनी और अपने नाबालिग बच्चों की ओर से सदका-ए-फित्र अदा करे। गणना के अनुसार, यह राशि 2 किलो 45 ग्राम गेहूं की कीमत के बराबर होती है। वर्तमान बाजार दर (40 रुपये प्रति किलो गेहूं) को आधार मानते हुए इसे 82 रुपये तय किया गया है। एदारा-ए-शरिया ने मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि वे रमजान के मुकद्दस महीने में अपने परिवार की ओर से यह राशि निकालकर गरीबों, यतीमों, बेवाओं, जरूरतमंदों और मदरसा के विद्यार्थियों तक पहुंचाएं। स्पष्ट किया गया कि 82 रुपये की यह दर केवल रांची और इसके निकटवर्ती क्षेत्रों के लिए प्रभावी है।

# रामगढ़ में तीन वारंटी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार वारंटियों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि कंप्लेंट केस मामले के वारंटी अभियुक्त छतरमांडू निवासी ओमप्रकाश कुमार, पतरातू बस्ती, नायक टोला निवासी वारंटी अभियुक्त छोटू नायक और मनुवा गांव निवासी वारंटी अभियुक्त मोहम्मद आवेश राजा उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया है।

# पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली करनेवाला अपराधी गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के नाम पर लेवी वसूली, अवैध हथियार रखने और चोरी की मोटरसाइकिल के उपयोग आपराधिक घटनाओं में करने सहित कई मामलों का वांछित कुख्यात अपराधी अजीम हव्वारी उर्फ हिमांशु (36) को पुलिस ने खूंटी से गिरफ्तार कर लिया। वह लियाकत अली लेन खूंटी का रहनेवाला है। इस संबंध में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में इस कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में नक्सली संगठन से जुड़ा रहा है और वर्तमान में अलग गिरोह बनाकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के नाम पर क्षेत्र में लेवी वसूली की जा रही है तथा अवैध हथियारों की खरीदझबिक्री का नेटवर्क संचालित हो रहा है। सूचना की सत्यता की जांच करते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और छापेमारी कर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया है कि वह पीएलएफआई संगठन से जुड़े हथियार और गोली को कपड़ों में छिपाकर बेचता था। साथ ही संगठन के नाम पर व्यवसायियों और आम लोगों से लेवी की मांग करता था। आरोपित का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में दहशत फैलाकर अवैध वसूली करना था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पूर्व में पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य रहा है। वर्तमान में उसने अपना अलग गिरोह बना लिया था और हथियार के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में लूटपाट एवं रंगदारी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसके गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, हथियार कहां से लाए जाते थे तथा अब तक कितने लोगों को हथियार सप्लाई किए गए हैं। आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह कई बार जेल भी जा चुका है।

# रानी टूटी के समर्थन में भाजपा ने चलाया प्रचार अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के जिला दतिया (वार्ड संख्या 4) में गुरुवार को नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य आगामी चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करना और भाजपा समर्थित प्रत्याशी रानी टूटी के पक्ष में एकजुटता दिखाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखी गई। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव स्थानीय विकास की दिशा तय करता है, इसलिए सभी मतदाताओं को सोच-समझकर मतदान करना चाहिए। उन्होंने सभी समाज के लोगों से अपील की कि वे प्रत्याशी रानी टूटी को छड़ी छाप पर वोट दे कर विजयी बनाने के लिए संगठित प्रयास करें। सभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी रानी टूटी ने कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है तो ग्राम और वार्ड की मूलभूत समस्याओं-जैसे सड़क, पेयजल, स्वच्छता और जनसुविधाओं-का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े मुद्दों को नगर निकाय में मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद कुमार, संयोजक काशीनाथ महतो, जिला महामंत्री संजय साहू, निखिल कंडुलना, अर्जुन पाहन, परमानंद महतो, रोशन कुमार, कामेश्वर महतो एवं पांचू महतो सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रसोईयों की हड़ताल के कारण शिक्षक बना रहे मध्याह्न भोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। रसोईये की अनुपस्थिति में विद्यालयों में बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराना चुनौती बन गया है। कई विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्वयं भोजन बनाकर बच्चों को खिलाने की मजबूरी हो गई है, जिससे उनकी मूल शैक्षणिक जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं। शिक्षकों का कहना है कि पहले से ही पठन-पाठन, प्रशासनिक कार्य और ऑनलाइन रिपोर्टिंग का दबाव रहता है, ऐसे में भोजन बनाने जैसी जिम्मेदारी संभालना कठिन हो गया है। भोजन तैयार करने और वितरण में समय लगने के कारण कक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है और बच्चों की पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। कुछ विद्यालयों में तो निर्धारित समय पर कक्षाएं भी नहीं लग पा रही हैं। रसोईयों की हड़ताल के कारण शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से मध्याह्न भोजन बनाने से बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने कहा कि सभी विद्यालय प्रबन्ध समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में मध्याह्न भोजन बंद नहीं न हो।

### डालसा सचिव के सामने सीआईपी में ठीक हो चुके मरीजों का छलका दर्द

## 50 साल बाद भी परिवार के आने का इंतजार कर रही महिला

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष (झालसा) सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश और सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं रांची न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव राकेश रौशन ने 19 फरवरी को कांके स्थित सीआईपी का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में डालसा सचिव के साथ सीआईपी के निदेशक बी.के. चौधरी, एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, न्यायमित्र भारती शाहदेव भी मौजूद थे।



निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले डालसा सचिव ने सीआईपी निदेशक से वहां की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। फिर, वहां पर स्थित वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऐसे 47 मानसिक रोगी मिले, जो अब ठीक हो चुके है। हालांकि, उनके घरवाले उन्हें अपने घर नहीं ले जाना चाहते है। निरीक्षण के दौरान करीब 30 वर्षों से सीआईपी में भर्ती एक महिला ने पूछताछ के क्रम में हाथ जोड़कर सचिव से कहा कि अब वह अपना घर नहीं जाना चाहती है। उसका कहना था कि जब समय था, तब परिवारवाले मुझे नहीं ले गये। अब तो मैं बूढ़ी हो चुकी हूं। घर में मां-बाप सभी थे, लेकिन कभी मुझे देखने नहीं आये, अब मैं यही रहना चाहती हूं।

निरीक्षण के क्रम में एक अन्य महिला मिली, जिसे 30 वर्ष की उम्र में उनके परिवारवाले अस्पताल में भर्ती कराकर छोड़ दिये थे। अभी उनकी उम्र 80 वर्ष हो गयी है। महिला आज भी अपने घरवालों की आने की इंतेजार कर रही है कि वे आयेंगे और ले जायेंगे। इसके बाद सचिव ने सभी 47 मानसिक रोगियों का पूरी लिस्ट ली। सीआईपी निदेशक को कहा कि काउंसेलिंग के माध्यम से सभी मानसिक रोगियों के परिवारवालों से बातचीत कर उन्हें आवासित करने का प्रयास किया जायेगा। जो लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके है, उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं आवासित करने के लिए उचित कदम उठाया जायेगा।

## बजरंग दल प्रांत टोली की बैठक रांची में सम्पन्न

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बजरंग दल झारखंड प्रांत टोली, विभाग संयोजक एवं विभाग सहसंयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक रांची स्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय शक्ति आश्रम, किशोरगंज चौक हरमू रोड में सम्पन्न हुई। बैठक में गत कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की योजना को गति दी जाएगी। इसके तहत 26, 27, 28 फरवरी एवं 1 मार्च को विशेष योजना बैठक आयोजित की जाएगी। जिन जिलों में अब तक कबड्डी प्रतियोगिता नहीं हो पाई है, वहां जिला मुख्यालय या चयनित केंद्र पर सभी प्रखंडों की टीमों के बीच प्रतियोगिता कराकर जिले की विजेता टीम




चुनी जाएगी, जिसे आगे प्रांत टीम के लिए पात्र घोषित किया जाएगा। इसके अलावा ज्वॉइन बजरंग दल झारखंड वेबसाइट के संचालन को लेकर भी चर्चा हुई और आवश्यक नामों का चयन किया गया। बैठक में प्रांत के आठ विभागों के लिए विभाग पालक अधिकारियों की घोषणा भी की गई। जिसमें रांची विभाग - अमर प्रसाद, गुमला एवं धनबाद विभाग - रंगनाथ महतो, सिंहभूम विभाग - जनार्दन पांडेय, पलामू विभाग - कुमार गौरव, हजारीबाग विभाग - अमित पासवान, देवघर विभाग - रवि बर्मा, साहेबगंज विभाग - संदीप मंडल के नामों की आधिकारिक घोषणा प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने की। यह भी तय किया गया कि आगामी प्रांत टोली बैठक 18 मार्च को रांची में ही आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत सहसंयोजक जनार्दन पांडेय, प्रांत महाविद्यालय छात्र सह प्रमुख अमर प्रसाद, गुमला विभाग संयोजक मुकेश सिंह, सिंहभूम विभाग सहसंयोजक धनंजय दुबे तथा धनबाद विभाग सहसंयोजक अजीत पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त समाचार

#### मॉब लिंचिंग का शिकार होने से पुलिस ने तीन लोगों को बचाया

**रांची।** राजधानी रांची के एदलहातू इलाके में पुलिस ने मॉब लिंचिंग की घटना होने से तीन लोगों की जान बचाई है। भीड़ ने एदलहातु में दो महिला सहित तीन लोगों को अपना निशाना बना लिया था। लेकिन मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक, तीनों पर एक बच्चे को चुराने का आरोप है। ये लोग रोते हुए बच्चे को ऑटो से ले जा रहे थे। तभी बात सामने आई कि ये लोग बच्चे की चोरी कर ले जा रहे हैं। जिसके बाद इसके बाद स्थानीय लोगों ने जमकर पिटाई की। बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और भीड़ से फिलहाल तीनों को बचा लिया गया है। अब सवाल यह है कि जो आरोप इन पर लगे हैं वह सही है या गलत जांच की जा रही है। मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### रांची नगर निगम ने लगाया वेस्ट यूजर चार्ज के बकाएदारों पर जुर्माना



**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के सभी भवनों, होटल, हॉस्टल, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए सॉलिड वेस्ट यूजर चार्ज का भुगतान अनिवार्य किया है। सभी वार्डों में वेस्ट यूजर चार्ज का संग्रहण चयनित एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। अपर प्रशासक के निर्देश पर मेन रोड स्थित सभी भवनों और प्रतिष्ठानों से वेस्ट यूजर चार्ज वसूली के लिए 6 टीमों का गठन किया है। सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार के नेतृत्व में निगम टीम ने सर्जना चौक से डेली मार्केट चौक तक 25 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जिन प्रतिष्ठानों द्वारा अब तक वेस्ट यूजर चार्ज का भुगतान नहीं किया गया था, उन्हें ऑन-द-स्पॉट डिमांड नोटिस जारी किया गया। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में भुगतान करने का निर्देश भी दिया गया। इसके अलावा वी2 मॉल द्वारा सड़क पर कूड़ा डंप किए जाने पर 2,000 रूपया का जुमार्ना भी लगाया गया।

### झारखंड जगुआर का 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

# झारखंड जगुआर ने नक्सल उन्मूलन में निभाई निर्णायक भूमिका : डीजीपी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस की विशेष एंटी नक्सल इकाई झारखंड जगुआर का 18वां स्थापना दिवस रांची स्थित जगुआर मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान जवानों ने परेड और हथियारों का प्रदर्शन भी किया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर झारखंड डीजीपी तदाशा मिश्रा, एडीजी मनोज कौशिक, आईजी साकेत सिंह आईजी माइकल राज आईजी अनूप अनूप बीथ्रे , आईजी असीम विक्रांत मिंज, आईजी अजय लिंडा,आईजी प्रभात कुमार, डीआईजी कन्हैया मयूर पटेल, डीआईजी इंद्रजीत महाथा,डीआईजी चंदन झा अन्य वरीय पदाधिकारी एवं जवानों के परिजन और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने मीडिया से बातचीत करते हुए जगुआर के सभी पदाधिकारियों और जवानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन उन वीर जवानों को याद करने का है, जिन्होंने राज्य की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। डीजीपी ने कहा कि उन्होंने वह दौर भी देखा है, जब राज्य में नक्सल गतिविधियां चरम पर थीं। उसी चुनौतीपूर्ण समय में 19 फरवरी 2008 को झारखंड जगुआर का गठन किया गया था। नक्सल उन्मूलन अभियान में इस विशेष बल की भूमिका बेहद अहम रही है। तदाशा मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा स्थित सारंडा जंगल में कुछ नक्सली सक्रिय हैं, जिनके खिलाफ जगुआर और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम लगातार अभियान चला रही है।

निरंतर कार्रवाई और रणनीतिक प्रयासों के कारण झारखंड अब लगभग नक्सल मुक्त होने की ओर बढ़ चुका है। डीजीपी ने यह भी कहा कि सरकार जवानों के बेहतर इलाज के लिए 10 बेड का अस्पताल बनाने की तैयारी कर रही है।

वहीं, जगुआर के आईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि गठन के बाद से झारखंड जगुआर ने राज्य में शांति स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक जगुआर के 24 वीर जवान शहीद हुए हैं और वे सभी को नमन करते हैं। आईजी ने कहा कि झारखंड पुलिस और जगुआर के समर्पित प्रयासों के कारण आज राज्य इस मुकाम पर खड़ा है। फिलहाल चाईबासा जिला को नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है, लेकिन पुलिस और जगुआर की टीम जल्द ही वहां भी पूरी तरह शांति स्थापित कर देगी। एंटी-नक्सल ऑपरेशन के उद्देश्य से गठित इस विशेष बल ने अपने लक्ष्य को काफी हद तक हासिल कर लिया है, जो झारखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस जांच पर रोक, याचिकाकर्ता को राहत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामूली सड़क दुर्घटना से जुड़े मामले में पुलिस कार्रवाई पर गंभीर चिंता जताते हुए दोनों एफआईआर की जांच पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता मनोज टंडन के खिलाफ कोई भी दबावपूर्ण या पीड़क कार्रवाई नहीं की जाएगी। याचिकाकर्ता ने डोरंडा थाने में दर्ज दो मामले की सीबीआई जांच करने का आग्रह किया है। मामले में कोर्ट ने कहा कि यदि एक ही घटना से जुड़े दो मामले हों, तो दोनों की जांच सामान्यतः एक ही जांच अधिकारी द्वारा होनी चाहिए। कोर्ट ने आदेश दिया कि मामले के दोनों एफआईआर की आगे की जांच और कार्यवाही पर रोक रहेगी। याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। एसएसपी रांची स्थिति पर नजर रखेंगे और याचिकाकर्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी और जांच में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

## उत्पादन से ही एचईसी का होगा विकास : निदेशक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को एचईसी के निदेशक (उत्पादन) बीएस गर्ग से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। मौके पर बीएस गर्ग ने कहा कि एचईसी में लगातार उत्पासदन से ही एचईसी का विकास संभव है। बैठक में एचईसी की वर्तमान स्थिति, कायार्देश और उत्पादन बढ़ाने की संभावनाओं और उत्पादकता के मुद्दे पर विचार-विमर्श हुआ। यूनियन के महामंत्री लीलाधर सिंह ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि निदेशक



(उत्पादन) गर्ग ने कहा कि किसी भी औद्योगिक उपक्रम के विकास का एकमात्र आधार सतत उत्पादन है। एचईसी के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत सरकार से अतिरिक्त वित्तीय सहायता नहीं मिल रही है और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से बैंक गारंटी भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि एचईसी बीते एक दशक में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक ब्याज के रूप में अदा कर चुका है।

वर्तमान में कंपनी के पास लगभग 550 करोड़ रुपये के कायार्देश हैं, जिनमें 80 प्रतिशत स्पेयर पाट्र्स से संबंधित हैं। नवंबर 2023 में सीएमडी के रूप में केएस मूर्ति के पदभार संभालने के समय उत्पादन शून्य था, जो अब बढ़कर प्रतिदिन सात से आठ करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। बैठक में शेख मैजुल, सुनील कुमार मांझी, जगन्नाथ राम, भोलासाव, राजेंद्र कांत महतो, जबकि प्रबंधन की ओर से निदेशक (उत्पादन) के साथ मनीष जैन मौजूद थे।

## मंत्री नेहा तिर्की ने कांग्रेस प्रत्योशी रमा खलखो के पक्ष में किया प्रचार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव के दंगल में कांग्रेस ने मेयर पद की उम्मीदवार रमा खलखो के पक्ष में पूरी ताकत झोंक दी है। मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है प्रचार अभियान में तेज होता जा रहा है। गुरुवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने हटिया रेलवे मार्केट और वार्ड नंबर 50 के हुंडरू में जन संपर्क अभियान और चुनावी सभा में जनता से रांची की पहली महिला मेयर रहीं रमा खलखो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि मेयर के पद पर आखिर रमा



खलखो ही क्यों बनें। इसको जानने और समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रमा खलखो शिक्षित, आंदोलनकारी, जिम्मेवार, मिलनसार और जनता व सुख-दुःख में हमेशा खड़ी रहने वाली नेत्री है। आज रांची शहर में जो कुछ भी काम दिख रहा है वो उन्हीं के कार्यकाल के समय का है। सुंदर और विकसित बनाने का विजन है। ये चुनाव शहर की सरकार चुनने का है। इसके लिए पार्षदों के बीच बेहतर तालमेल और अधिकारियों को साथ लेकर चलने वाले जन प्रतिनिधि की जरूरत है। पूर्व की मेयर का कार्यकाल आपसी लड़ाई झगड़ा और अधिकारियों से खींचतान में ही व्यतीत हो गया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में धर्म-जाति और राजनीति से ऊपर उठकर एक ऐसे जन प्रतिनिधि को चुनने की जरूरत है जो समाज में एकता और शहर में शांति का पैगाम लेकर विकास की राह पर आगे बढ़ सके।

#### डेटा चोरी व फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में जितेंद्र सिंह गिरफ्तार, मुंबई पुलिस साथ ले गई

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र निवासी जितेंद्र सिंह को मुंबई पुलिस ने डेटा चोरी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में गिरफ्तार कर अपने साथ मुंबई ले गई। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार गढ़वा निवासी जितेंद्र सिंह पर कई गंभीर आरोप दर्ज हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि वह पंचायत सचिवालय से सरकारी आंकड़े चोरी करने के मामले में संलिप्त रहा है। इसके साथ ही उस पर फर्जी मोबाइल अनुप्रयोग तैयार कर जाली आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाणपत्र तथा अन्य सरकारी दस्तावेज बनाने का आरोप है। जांच एजेंसियों का कहना है कि आरोपी पहले भी धोखाधड़ी, जालसाजी और फर्जी जमीन कागजात तैयार कर जमीन पर कब्जा करने जैसे मामलों में जेल जा चुका है। फिलहाल मुंबई पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।



#### मारवाड़ी कॉलेज में अबुआ अधिकार मंच का प्रदर्शन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले मारवाड़ी कॉलेज में नियमित कक्षाएं नहीं होने के मुद्दे पर छात्र राजनीति तेज हो गई है। छात्र संगठन अबुआ अधिकार मंच के अध्यक्ष सह रांची विश्वविद्यालय संयोजक विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। दरअसल सोशल मीडिया पर एक रील इन दिनों फेसबुक और इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें एक छात्र नेता कॉलेज प्रशासन से कक्षाएं नहीं होने को लेकर तीखी बहस करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो मारवाड़ी कॉलेज का बताया जा रहा है। बाद में छात्र नेता विशाल कुमार यादव से बातचीत में पूरे मामले की जानकारी सामने आई। विशाल यादव ने आरोप लगाया कि कुछ प्रोफेसर एक लाख से तीन लाख रुपये तक वेतन लेने के बावजूद नियमित रूप से कक्षाएं नहीं ले रहे हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों में इसको लेकर गहरा असंतोष है। संगठन ने एक ऐसे प्रोफेसर का भी उल्लेख किया, जो दो बार चुनाव लड़ चुके हैं और विधायक प्रत्याशी रह चुके हैं। संगठन का कहना है कि यदि कोई शिक्षक सक्रिय राजनीति करना चाहता है तो यह उसका अधिकार है, लेकिन छात्रों को पढ़ाना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।



#### ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की

**रांची।** सैमसंग ने अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256जीबी से 512जीबी तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं।

#### निर्मला करण विद्या वाचस्पति एवं ऋषि पिंगल पुरस्कार से सम्मानित

**रांची।** लेखिका सह साहित्यकार निर्मला कर्ण को विक्रमशिला विश्वविद्यालय से विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की गयी।



कार्यक्रम बिहार के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गया में आयोजित किया गया। विद्या वाचस्पति (पी.एच.डी) मानंद उपाधि/सम्मान, अनेकों काव्य मनीषियों एवं साधकों की उपस्थिति में विक्रमशिला विद्यापीठ के प्रस्तावक आचार्य डॉ विजय गुंजन एवं डॉ ओम प्रकाश वर्मा (उपनिदेशक राजभाषा),अंशुमान झा, (सहायक निदेशक, प्रसारभारती), प्रो डॉ सुधा सिन्हा, अध्यक्ष दर्शन शास्त्र, डॉ राशदादा राश के द्वारा सम्मिलित रूप से प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में निर्मला कर्ण को प्रमाण-पत्र के साथ अंग वस्त्र और मोमेंटो प्रदान किया गया। छंद :शाला विद्यापीठ के द्वारा निर्मला करण को पुन: छंद लेखन के क्षेत्र में कार्य करने के लिए ऋषि पिंगल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के रूप में अंगवस्त्र प्रमाण पत्र और मोमेंटो के साथ ग्यारह सौ रुपये नकद राशि दी गई।

## रांची नगर निगम के घर-घर को रौशन करेगी रोशनी खलखो : आदित्य

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को रांची के हरमू स्थित गंगा नगर में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी रोशनी खलखो के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में साहू ने कहा कि रोशनी खलखो एक जुझारू, संघर्षशील प्रत्याशी हैं जो महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित हैं। पिछले चुनाव में वे निर्विरोध पार्षद बनने वाली लोकप्रिय नेता रही हैं। रोशनी खलखो के दिल में रांची नगर निगम के घर घर को रोशन करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज राज्य की राजधानी रांची पूरी तरह असुरक्षित हो गई है। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म, लूट, छिनतई की घटनाएं आम हो




गईं हैं। महिलाएं घर से देर शाम निकलने में डरती हैं।

साहू ने कहा कि अब तो महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी असुरक्षित हैं। कब कौन बच्चा गायब हो जाएगा, उसकी कब चोरी हो जाएगी ये किसी को पता नहीं। राजधानी में बच्चा चोर गिरोह घूमते रहते हैं और पुलिस वसूली में लगी रहती है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में राज्य से हजारों बच्चे गायब हुए हैं। सभी गरीब के बच्चे हैं लेकिन जब भाजपा कार्यकताओं ने राज्य के पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी, आंदोलन किए, रांची बंद की घोषणा की तो अंश, अंशिका, कन्हैया जैसे 60 बच्चे बरामद हुए।लेकिन अभी भी सैकड़ों बच्चे लापता हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में गांव और नगर सभी जगह विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। व्यावसायियों को धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि अब तो भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को भी जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने ही गरीब, दलित और वंचितों बहन बेटियों की चिंता की। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया। एक रुपए में 50 लाख रुपये की सम्पत्ति की रजिस्ट्री भाजपा सरकार की देन थी। इसके अतिरिक्त महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए गए थे उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ही महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा और महिला सम्मान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा उपस्थित लोगों से कहा कि जो महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा दे उसे ही ताकत दें। जो परेशान करे उसे पराजित करें।

## डीएसपीएमयू कॉलेज परिसर में सरना झंडागड़ी कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ, डीएसपीएमयू के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची परिसर में गुरूवार को विधि-विधान पारंपरिक तरीके से सरना झंडागड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवेक ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी अनुष्ठा न का धूमधाम से आयोजन किया गया। उन्हों ने कहा कि सरना धर्म और आदिवासी संस्कृति संरक्षण करने की परंपराएं न सिर्फ हमारी पहचान हैं। बल्कि प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की



सीख भी देती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजें और आने वाली पीढ़ियों तक इसे पहुंचाने का कार्य करें।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य पुजारी पीटर उरांव की ओर से किए गए सरना पूजा के साथ संपन्न कराया गया। इससे पहले पुराने सरना झंडे को विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धापूर्वक उखाड़ा गया, जिसके पश्चात नए सरना झंडे को स्थापित किया गया। उरांव ने सरना धर्म, प्रकृति पूजा, आदि शक्ति और नीनिम धरम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज में सत्य, सद्भाव और प्रकृति संरक्षण के संदेश को दोहराया।

## जागरुकता रथों को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी, बाल विवाह उन्मूलन की अपील

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने समाहरणालय परिसर से दो जागरुकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक रथ बाल विवाह उन्मू लन से संबंधित है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है। शिक्षा से ही इस कुरीति को दूर किया जा सकता है।
उपायुक्त ने कहा कि बाल विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए कानून में सजा के प्रावधान हैं। किसी के द्वारा अगर बाल विवाह किया जा रहा है या उसे बढ़ावा दिया जा रहा है तो इसकी सूचना टॉल फ्री नंबर 1098 पर दें। उपायुक्त द्वारा एक अन्य जागरुकता वाहन को रवाना किया गया। इसमें जन्म व मृत्यु के पंजीकरण के लिए आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त ने आवश्यक रूप से किसी भी नवजात के जन्म का पंजीकरण कराने और किसी व्यक्ति का मृत्यु का भी निबंधन कराने की अपील आमजनों से की गयी। इस अवसर पर बाल विवाह के उन्मूलन के लिए हस्ताक्षर अभियान भी समाहरणालय परिसर में चलाया गया। इसमें सभी पदाधिकारी शामिल हुए। अवसर पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दास, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एम्स देवघर के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार को मिला एफआईएसीपी फेलोशिप सम्मान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** एम्स देवघर के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एफआईएसीपी फेलोशिप सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें पटना में आयोजित एपीआई के 2026 सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। एफआईएसीपी फेलोशिप चिकित्सा क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है, जो उन चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है। उन्होंने चिकित्सा सेवा, शिक्षण, अनुसंधान और रोगियों की देखभाल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। यह सम्मान चिकित्सक की उत्कृष्टता, समर्पण एवं चिकित्सा क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है। प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार ने इसे अपने संस्थान, सहकर्मियों तथा विद्यार्थियों के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में चिकित्सा शिक्षा एवं रोगी सेवा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक ने प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार आगे भी चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देते रहेंगे।

### संक्षिप्त

#### चांद दिखते ही गूंजा रमजान मुबारक

**गुवा।** जैसे ही आसमान में रमजान का चांद नजर आया, किरीबुरू, गुवा, बड़ाजामदा, नोवामुंडी, जगन्नाथपुर और जैतगढ़ की मस्जिदों से अल्लाहु अकबर और रमजान मुबारक की सदाएं गूंज उठीं। पूरे मुस्लिम समाज में खुशी और इबादत का माहौल बन गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। घरों में सेहरी और इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गईं, वहीं बाजारों में खजूर, सेवइयां, फल और अन्य जरूरी सामानों की खरीदारी से रौनक बढ़ गई। रमजान केवल एक धार्मिक महीना नहीं, बल्कि आत्मसंयम, त्याग, सब्र और इंसानियत को मजबूत करने का अवसर है। इस महीने में रोजेदार दिनभर रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लेते हैं। यह महीना समाज को यह संदेश देता है कि असली अमीरी धन-दौलत में नहीं, बल्कि दिल की पाकीजगी और जरूरतमंदों की मदद करने में है। जकात और फितरा के माध्यम से गरीबों की सहायता की जाती है, जिससे समाज में भाईचारा और समानता की भावना मजबूत होती है। रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इसी महीने में पवित्र कुरान शरीफ का अवतरण हुआ था। इस्लामी मान्यता के अनुसार पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को पहली बार अल्लाह का संदेश शब-ए-कद्र की रात प्राप्त हुआ था। यही कारण है कि रमजान को कुरान का महीना भी कहा जाता है। इतिहास गवाह है कि यह महीना इबादत के साथ-साथ संघर्ष, सत्य और नैतिकता की मिसाल भी रहा है।

#### एक्सएलआरआई और सेंटिफिक ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के बीच हुआ एमओयू

**पूर्वी सिंहभूम।** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआई) ने गुरुवार को वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी सेंटिफिक ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस साझेदारी के माध्यम से अब छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन की कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी चुनौतियों और समाधानों का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा। समझौता ज्ञापन के अवसर पर एक्सएलआरआई की ओर से प्रो कनगरराज अयालुसामी (संयोजक झ्र कॉर्पोरेट संबंध) ने हस्ताक्षर किया।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निजी विद्यालयों के साथ कार्यशाला

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, प्राचार्य के लिए एक दिवसीय उन्मूखीकरण कार्यशाला का आयोजन सदर अस्पताल के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। इस अवसर पर जिला वीबीडी पदाधिकारी, डॉ सुनील कुमार ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ अभिषेक पॉल, राज्य समन्वयक ने पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाईलेरिया गन्दे पानी में पनपने वाली सबसे अधिक आबादी वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक अपंगता पैदा करने वाली द्वितीय सबसे बड़ी लाईलाज बीमारी है। जिसकी वजह से हाथ, पांव (हाथीपांव) का फूलना और हाइड्रोशील होता है। बताया कि इस सर्वजन दवा सेवन अभियान में वर्ष में एक बार डीईसी एवं अल्बेण्डाजोल दवा का एकल खुराक सेवन कराकर फाईलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है। दवा सेवन के माइक्रो फाईलेरिया को समुदाय में फैलने से रोका जा सकता हैं और अन्य स्वस्थ्य व्यक्तियों को इसके संक्रमण से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दिनांक 10 फरवरी को दवा प्रशासकों के माध्यम से स्थापित बुथ के माध्यम से दवा खिलायी गई। इसके पश्चात छुटी हुई शोष आबादी को 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जा रहा है। एक दिन में दवा प्रशासक द्वारा 20-25 घरों में उपस्थित जन मानस को अपने सामने दवा का सेवन कराया जा रहा है। फाईलेरिया उन्मूलन लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शत-प्रतिशत लक्षित आबादी की ओर से दवा सेवन अनिवार्य है। साथ ही बताया कि डीईसी एवं एलबेण्डाजोल सुरक्षित दवा है। फिर भी एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गम्भीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नही दी जायेगी। साथ ही खाली पेट दवा का सेवन नहीं किया जाना है। बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाईजेशन एवं पिरामल फाउंडेशन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिला वीबीडी सलाहकार, रमेश कुमार सिंह ने फाईलेरिया की स्थिति से समी शिक्षकों को अवगत कराया। वहीं सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग का आशवासन दिया। बैठक में जिला के जानेमाने निजी विद्यालयों सहित 50 से अधिक विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित हुए।

### उपायुक्त और सामान्य प्रेक्षक ने किया सामग्री कोषांग का निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद और सामान्य प्रेक्षक मो मुस्तकीम अंसारी ने गुरुवार को नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के लिए संचालित सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। इसमें राज्य निर्वाचन आयोग की सामग्री पुस्तिका, टैग,थाना, मतदाता सूची प्रति, अमिट स्याही, सील, विभिन्न प्रकार के प्रपत्र, विभिन्न प्रकार के लिफाफे, साइन बोर्ड, स्टेशनरी के सामान आदि शामिल हैं। उनका मिलान किया गया। साथ ही, वरीय पदाधिकारी, सामग्री कोषांग को मतदान दल को उक्त सामग्रियों के इस्तेमाल संबंधित विस्तृत जानकारी दिये जाने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी-सह-वरीय पदाधिकारी सामग्री कोषांग सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दास, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सामग्री कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### प्लेटफॉर्म पर गश्ती के दौरान दो शराब तस्कर गिरफ्तार



**धनबाद।** प्लेटफॉर्म पर गश्ती के दौरान दो शराब तस्कर गिरफ्तार किया गया। टास्क टीम और अधिकारी 18-19 फरवरी की रात धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म 02/03 पर गस्त कर रहे थे। इस क्रम में करीब 23/10 बजे हावड़ा छोर पर 2 किशोर को पिट्ठू बैग में वजनी सामान को ले जाते हुए देखा गया। गस्ती दल उन दोनों किशोर के पास पहुंचकर पूछताछ की। उन लोगों ने अपना नाम व पता सांतनु कुमार (उम्र-15 वर्ष, पिता- वीरेश प्रसाद) और विकास कुमार (उम्र-16 वर्ष, पिता-सुनील प्रसाद) बताया। दोनों ने पता ग्राम-राणा विघा, थाना-दीप नगर, जिला-नालन्दा (बिहार) बताया। दोनों अपचारी किशोर को बैग में रखे सामान को दिखाने को कहा गया। इसमें 14 अदद अंग्रेजी शराब की कुल मात्रा 10500 एमएल और मूल्य 11480 रुपये पाया गया। प्रत्येक बोतल के ऊपर फॉर सेल इन झारखंड लिखा हुआ मिला। शराब को जब्तप किया गया। जब्त शराब एवं दोनों निरुद्ध अपचारी किशोर को पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ में उपरोक्त दोनों अपचारी किशोर ने स्वीकार किया कि अधिक पैसा कमाने के लालच में झारखंड से शराब खरीद कर बिहार ले जाकर ऊंची कीमत पर बेच देते हैं। उन्हेंर अग्रिम कारवाई के लिए उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया।

## देवघर : तस्कर 130 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** नशा मुक्त समाज के संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए देवघर पुलिस ने एक बार फिर तस्करों की कमर तोड़ दी। एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में चलाए गए स्पेशल अभियान में जसीडीह से बंगाल के एक तस्कर को 317 पुड़िया (130 ग्राम) ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है।
आरोपी अजय मार्ती पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान जिले का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से मोबाइल, नकदी और अन्य सामान भी बरामद किया है। इस कार्रवाई से पूरी सप्लाई चेन पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है। देवघर पुलिस ने लोगों से अपील की कि अगर कहीं नशे का कारोबार होता दिखे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 9296913007, साईबर हेल्प लाइन नंबर 1930 और कंट्रोल रूम नंबर 9241821642 /112 है।

## दुमका में 360 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की बोतल के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**दुमका।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हंसडीहा पुलिस को गुरुवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वाहन जांच के दौरान एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब, मोबाइल फोन और फर्जी नंबर प्लेट जब्त कर मामला दर्ज करते हुए युवक को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक गोड्डा जिले के देवडांढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखछीया गांव निवासी मो महबूब अंसारी है। मामले में थाना प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि दोपहर में वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि दुमका की ओर से एक हुंडई 10 कार में अवैध अंग्रेजी शराब छुपाकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना का सनहा दर्ज कर थाना पुलिस सशस्त्र बल के साथ हंसडीहा-गोड्डा मुख्य मार्ग स्थित रेलवे फाटक के समीप सघन वाहन जांच शुरू की गई। कुछ देर बाद हंसडीहा की ओर से आती एक सफेद रंग की कार को रोकने का इशारा किया गया।

## प्रमंडलीय आयुक्त से मिले डीसी-एसपी, चुनाव को लेकर हुई समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने आयुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।
मुलाकात के दौरान आयुक्त ने गढ़वा जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विधि-व्यवस्था की स्थिति तथा चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। आयुक्त ने निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण पर्व है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रशासनिक समन्वय को मजबूत रखने पर जोर दिया। आयुक्त ने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो और मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा आवश्यक संसाधनों की समय रहते व्यवस्था सुनिश्चित करने की सलाह दी। मुलाकात के दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी संक्षिप्त विचार-विमर्श किया गया। दोनों अधिकारियों ने आयुक्त को आश्वस्त किया कि निर्वाचन एवं प्रशासनिक कार्यों को निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

### बंद हिलटाप आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों को मिला बोनस



**धनबाद।** लोयाबाद मजदूरों ने बोनस के भुगतान के लिए श्रम न्यायालय में लड़ रहे संयुक्त मोर्चा के नेता मानस चटर्जी हरेंद्र चौहान, गीता सिंह सहित रौशन पासवान को बुकें देकर और माला पहना कर सम्मानित किया। मौके पर मानस चटर्जी ने कहा कि कंपनी के मजदूरों को बोनस दिलाने के लिए संयम के साथ न्यायालय में लडी गई जिसका परिणाम है कि मजदूरों को कंपनी को मजदूरों को बोनस भुगतान करना पड़ा। अब मजदूरों को ग्रेच्युटी दिलाने की लड़ाई लड़ी जाएगी। हरेंद्र चौहान, गीता सिंह और रौशन पासवान ने कहा कि यह मजदूरों के एकता की जीत है। मौके पर शिबू मंडल, निर्मल चौहान, सूरज मंडल, रवि यादव, पिंटू चौहान, राहुल यादव, नंदन चौहान, उमेश महतो, संतोष चौहान, राजा खान, सतेंद्र चौहान, दीपक चौहान, प्रेमजीत चौहान, सरफराज खान, रमेश गुप्ता सहित दर्जनों मजदूर मौजूद थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमडीह में आयोजित किया बाल मेला

## बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर दिखायी अपनी प्रतिभा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**चाईबासा।** सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीमडीह में एस्पायर संस्था के सौजन्य से बाल मेला का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 से 8 तक के बच्चे-बच्चियों के बीच विभिन्न स्पधाएं आयोजित की गई। प्राथमिक स्तर के दौड़ रेस में मनोज तुबिद, विशाल बारी और रेंगो मुंदुईया ने बाजी मारी। एक पैर की दौड़ में सुरेन कालुंडिया, हरिनारायण सुंडी, सीनी बारी विजेता बने। बिस्किट रेस में कुलदीप पुरती, सुरेन कालुंडिया और महेश कालुंडिया जीत हासिल किया।गणित रेस में आयुष गोप, माधुरी गोप और मोटाय बारी ने प्रतिभा का लोहा मनवाया। बैलून फोड़(कक्षा -3)में सुनीता बानरा,आयुष तुबिद और अंजली बारी वहीं कक्षा -4 में सुमंति बारी, सुष्मिता गोप और लक्ष्मी पुरती विजयी रहे। उच्च प्राथमिक स्तर में चित्रांकन प्रतियोगिता में सुखमती कालुंडिया, अलका तांती और मीनाक्षी खंडाइत ने बाजी मारी। रंगोली डिजाइन में रानी कुंटिया, कल्पना बानरा, पिंकी कालुंडिया और फूलो पुरती समूह को पुरस्कृत किया गया। वहीं म्यूजिकल चेयर रेस में चांदमुनी बारी, सरस्वती कालुंडिया और मीनाक्षी खंडाइत विजेता रही। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्णा देवगम व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के हाथों पुरस्कृत किया गया। मौके पर शैक्षिक क्षेत्र में कार्य कर रहे एस्पायर संस्था के ग्राम पंचायत कम्युनिटी मोब्लाइजर (जीपीसीएम) सुरेश सावैयां ने बाल मेला आयोजित करने का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों का बौद्धिक विकास के साथ उनकी शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी कराना आवश्यक है। इसलिए एस्पायर संस्था खेलकूद के माध्यम से बच्चों की शारीरिक विकास करने में विद्यालय को हर संभव सहायता प्रदान करती है।

## बाईहातु गांव में खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिलाओं व युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** गुवा सेल प्रबंधन द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत बाईहातु गांव में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल एवं खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। आसपास के गांवों से आए महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
महिलाओं की हांडी फोड़ प्रतियोगिता में मंजू चाम्पिया ने प्रथम, अनीता चाम्पिया ने द्वितीय तथा मोगली चाम्पिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की बिस्किट रेस में सनी सिद्धू प्रथम, योगेन मरांडी द्वितीय एवं शेरगिया चाम्पिया तृतीय रहे। लड़कियों की बिस्किट रेस में श्रीमती चाम्पिया प्रथम, सुमित्रा बालमुचू द्वितीय और बुधनी बालमुचू तृतीय रहीं। मेंढक रेस लड़कों में सेरगिया देवगम प्रथम, बुधराम चाम्पिया द्वितीय और कृष्णा मरांडी तृतीय रहे, जबकि लड़कियों में बहामनी चाम्पिया प्रथम, सुशीला देवगम द्वितीय एवं सरस्वती चाम्पिया तृतीय रहीं। तीन पैर की दौड़ में मंगल सिद्धू एवं ठाकुर सुरेन की जोड़ी प्रथम रही।

# रोजेदार रेलकर्मियों को रोजाना दो घंटे पहले ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में पवित्र रमजान माह को देखते हुए ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन (एआईआरटीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चांद मोहम्मद ने रोजा रखने वाले रेल कर्मचारियों को प्रतिदिन ड्यूटी समय से दो घंटे पहले कार्यमुक्त करने की मांग उठाई है। इस संबंध में यूनियन की ओर से दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र सौंपा गया है।



पत्र में कहा गया है कि 19 फरवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक रमजान का महीना चल रहा है और इस अवधि में मुस्लिम रेल कर्मचारी रोजा रखकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। चांद मोहम्मद ने मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों को मानवीय आधार पर प्रतिदिन दो घंटे पहले कार्यस्थल से मुक्त किया जाए, ताकि वे समय पर अपने घर पहुंचकर इफ्तार कर सकें और धार्मिक कर्तव्यों का पालन सुचारू रूप से कर सकें। उन्होंने रेलवे बोर्ड के पूर्व आदेश पत्र संख्या 2016/जी-35/1 दिनांक 7 जून 2016, नई दिल्ली का उल्लेख करते हुए कहा है कि पूर्व में भी रमजान के दौरान विशेष व्यवस्था लागू की गई थी। उसी आदेश के आलोक में इस वर्ष भी रोजेदार कर्मचारियों को राहत देने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा रेलवे के सभी विभागों में कार्यरत उन कर्मचारियों को दी जाए जो रमजान में रोजा रख रहे हैं। पत्र की प्रतिलिपि वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, चक्रधरपुर मंडल को भी भेजी गई है। चक्रधरपुर निवासी चांद मोहम्मद ने उम्मीद जताई है कि रेल प्रशासन उनकी इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए रोजेदार कर्मचारियों को आवश्यक सहूलियत प्रदान करेगा।

# निगम चुनाव में 70 और 40 लाख में खरीदे गए मेयर प्रत्याशी : त्रिपाठी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम का चुनाव दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज है। इस क्रम में मेयर पद की प्रत्याशी जय श्री गुप्ता और मीना गुप्ता का अरुणा शंकर को समर्थन किए जाने पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने गुरूवार को मेदिनीनगर के एक होटल में तंज करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दोनों मेयर उम्मीदवार को खरीदने के लिए यहां आए थे। 70 और 40 लाख में इन्हें खरीदा गया और समर्थन की घोषणा कराई गई। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त



करते हुए कहा है कि वार्ड और मेयर के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता, पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री दिन-रात एक किए हुए हैं। स्टार प्रचारक फिल्म अभिनेत्री का आगमन हो रहा है। धनबल का खुल्लम खुल्ला उपयोग हो रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग किया कि चुनाव प्रचार में 15 लाख की जगह 15 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च होने वाला है। इसलिए आयोग को मामले की निष्पक्ष जांच कराए। उन्होंने कहा कि नेता बिक जाएं, लेकिन यहां की जनता कभी नहीं बिकेगी। यदि कोई जनता की कीमत लगाएगा तो उनको उनका औकात बता दिया जाएगा। सारे घटनाक्रम को जनता देख रही है और समय जल्द आने वाला है। इसका जवाब मिलेगा। त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि 1130 करोड रुपए बंदरबांट करने के लिए रखे गए हैं और उसका उपयोग इस चुनाव में धड़ल्ले से किया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### जेनरल आब्जर्वर ने सामग्री कोषांग और मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** नगरपालिका चुनाव को लेकर जेनरल आब्जर्वर रविराज शर्मा की ओर से निर्वाचन कार्यों की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामग्री कोषांग एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैयारियों का अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। सामग्री कोषांग के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान सामग्रियों की उपलब्धता, उनके सुरक्षित भंडारण और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जरूरी सामग्रियां निर्धारित मानकों के अनुरूप सुव्यवस्थित ढंग से रखी जाएं। इसके बाद उन्होंने मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग, अभ्यर्थियों और मतगणना एजेंटों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कोषांग पदाधिकारी और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### हिंदूवादी नेता डॉ. गौतम खट्टर ने रिंकू सिंह के लिए मांगा वोट



**पलामू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी माने जाने वाले पूर्व डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल की पत्नी महापौर प्रत्याशी रिंकू सिंह के लिए गुरुवार को वोट मांगा। उन्होंने मेदिनीनगर में रोड शो किया। उनके रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी। रोड शो महिलाओं की संख्या अधिक थी। कार्यक्रम में जय जय श्री राम के नारे जमकर लगाए गए। रोड शो से पहले डॉक्टर गौतम ने रिंकू सिंह के कार्यालय दुर्गा मंडप में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मेदिनीनगर के मंगलह्न के लिए रिंकू सिंह का समर्थन करें और अगर यहां दंगल चाहते हैं तो हरे पगड़ी वालों के साथ चले जाएं। मंगल सिंह जन नेता हैं। डिप्टी मेयर रहते हुए कागज और मुहर गाड़ी में रखते थे और ऑन स्पॉट काम करते थे। ऐसा वह खुद नहीं उनके विरोधी भी बताते हैं। इनके पास पैसा कम है।

# झामुमो, कांग्रेस और राजद इस राज्य को विनाश की ओर ले जा रहे : रघुवर दास

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार से पलामू दौरे पर हैं। मेदिनीनगर में भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी अरुणा शंकर के पक्ष में जनसभा की। वोटरों को गोलबंद करने के लिए सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। गुरुवार दोपहर मेदिनीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए रघुवर दास ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस पार्टी एक समुदाय का वोट लेने के लिए एड़ी चोटी एक कर रखी हैं। एक दूसरे से लड़ रहे हैं। राज्य के लिए तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। झामुमो, कांग्रेस और राजद इस राज्य को विनाश की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 3 वर्ष से नगर निकाय चुनाव नहीं हुए, जिससे इस राज्य को 5100 करोड़




का नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार शहरी क्षेत्र में विकास के लिए प्रत्येक वर्ष 1700 करोड देता है। निकाय चुनाव नहीं होने के कारण यह राशि झारखंड को नहीं मिल पाई। पिछले 6 वर्षों के दौरान झारखंड में कोई कार्य नहीं हुआ इसीलिए सरकार हार के डर से निकाय चुनाव से भाग रही थी। उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से चुनाव हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के आंदोलन का भी असर रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे राज्य में व्यापारियों से रंगदारी मांगी जा रही है। किसान, युवा, महिलाएं सभी इस सरकार से त्रस्त हैं। 18 से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की घोषणा करने वाली सरकार अब शर्तों के साथ लाभ दे रही है। इस उम्र की महिलाओं की संख्या 70 लाख है, लेकिन अधिकतर महिलाओं को लाभ से वंचित कर दिया गया है। ऐसी महिलाएं प्रखंड और अंचल का चक्कर लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में मतदाताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन किसी राजनीतिक दल का एजेंट ना बने, इस पर हमारा संगठन निगाह रखे हुए हैं। प्रशासन संवैधानिक तरीके से अपनी जिम्मेदारी को निभाए। अगर कोई गड़बड़ी या किसी दल से प्रभावित होकर कोई कार्य करते हैं और दोषी चाहे आइएएस, आईपीएस अधिकारी हो या अन्य पदाधिकारी उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। दास ने कहा कि झारखंड सरकार में हर स्तर पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। सरकार समय पर नियुक्ति परीक्षा नहीं ले रही है। अगर नियुक्ति भी हो रही है तो उसमें भ्रष्टाचार हो रहा है और पैसे लिए जा रहे हैं। छात्रों को एडमिट कार्ड तक नहीं मिलता है। तो कभी प्रश्न पत्र ही लीक हो जाता है। आदिवासी, दलित, पिछड़ा सब इस सरकार से त्रस्त हैं। ऋण माफी की घोषणा करने के बाद भी किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाया है। व्यापारियों से रंगदारी मांगे जाने के कारण पलायन की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने मेदिनीनगर की पूर्व महापौर अरुणा शंकर के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर में रहते हुए उन्होंने ऐसा कार्य नहीं किया जो अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल में करके दिखाया है। कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती देखते बनती है। उनके अन्य कार्य भी काफी सराहनीय है। उन्हें इसका प्रतिफल मिलेगा। झारखंड में तीसरी सरकार बनाने में भारतीय जनता पार्टी सफल होगी। अपने समर्थित उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरे मुस्तैदी के साथ लगा हुआ है।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई गंगा आरती



**चतरा।** इटखोरी में पवित्र महाने नदी के तट पर गंगा आरती का आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शंख और घंट की प्रतिध्वनि के बीच मां गंगा का आवाह्न किया गया। राजकीय इटखोरी महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को माता भद्रकाली मंदिर के समीप उत्तरवाहिनी महाने नदी के तट पर गंगा आरती में वाराणसी से आए वैदिक कर्मकांडियों ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद माता गंगा की आरती उतारी। आरती कार्यक्रम को देखने के लिए यहां काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। महोत्सव में पहली बार गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि इटखोरी प्रसिद्ध महाने और बक्सा नदी के तक पर बसा है। यही नदी आगे चल कर फल्गु कहलाती है। नदियों के संरक्षण और धार्मिक आस्था और पौराणिक मान्यताओं को लेकर जिला प्रशासन ने महोत्सव के पहले दिन यहां गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित किया। मंत्र उच्चारण और शंख घंट की ध्वनि से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया और मां गंगा के जयकारे से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। गंगा आरती कार्यक्रम में सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास, उपायुक्त कृति श्री, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र सिन्हा, एसपी सुमित अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, प्रमुख प्रिया कुमारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डायन बिसाही मामले में पीड़ित परिवार को मिली 25 हजार की सहायता



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के कुमारडुंगी प्रखंड में डायन बिसाही के आरोप में महिला और उसके पुत्र की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को त्वरित राहत देते हुए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कॉस्ट फंड से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। झालसा, रांची के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए जिला प्राधिकार को निर्देश दिया था कि शोक संतप्त परिजनों को तत्काल राहत पहुंचाई जाए। उनके निर्देश के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शाकिर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सचिव रवि चौधरी को जल?द कार्रवाई के निर्देश दिया। सचिव रवि चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही अधिकार मित्रों की दो अलग-अलग टीमें गठित की गईं। एक टीम पीड़ित परिवार के घर पहुंची, जबकि दूसरी टीम सदर अस्पताल में समन्वय और सहयोग के लिए तैनात रही। विधिक सहायता सुनिश्चित करने के लिए पैनल अधिवक्ता प्रमोद प्रसाद को नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रखंड स्तर पर अधिकार मित्र संतोष कुमार गौड़ को परिवार के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, पीड़ित मुआवजा योजना के तहत अंतरिम राहत के लिए आवेदन प्राप्त कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही परिवार को राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएंगे।


### रामनवमी पर इस बार झांकियों वाले वाहनों का एमवीआई से सत्यापन जरूरी

**हजारीबाग।** रामनवमी पर्व की प्रारंभिक प्रशासनिक तैयारियों के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में आयोजित रामनवमी समारोहों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर जरूरी तैयारियों को समय पर पूरा करने पर चर्चा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी देशभर में अपनी भव्यता के लिए विख्यात है और इसकी गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## मानगो में मेयर प्रत्याशी के पोस्टर फाड़े जाने से चुनावी माहौल गरमाया, पुलिस ने शुरू की जांच

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** नगर निकाय चुनाव के बीच मानगो क्षेत्र में मेयर प्रत्याशी कुमकुम श्रीवास्तव के बैनर और पोस्टर फाड़े जाने की घटना ने राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। इस मामले में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव ने मानगो थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर गुरुवार को पुलिस टीम मानगो पुल और आसपास के इलाकों में जांच करने पहुंची।



मौके पर राजकुमार श्रीवास्तव स्वयं उपस्थित थे और उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। मानगो पुल तथा बृजवासी क्षेत्र में लगाए गए मेयर प्रत्याशी कुमकुम श्रीवास्तव के चुनावी बैनर-पोस्टर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा फाड़ दिए गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद समर्थकों में आक्रोश देखा गया। राजकुमार श्रीवास्तव ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह कृत्य निंदनीय और घिनौना है। उल्लेखनीय है कि राजकुमार श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी कुमकुम श्रीवास्तव का साथ देने के लिए भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद वे पार्टी से बागी माने जा रहे हैं। उनके इस कदम ने पहले ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी थी, और अब पोस्टर फाड़े जाने की घटना ने चुनावी प्रतिस्पर्धा को और तीखा बना दिया है।

## अनिता कुमारी मुंडा के समर्थन में विधायक टाइगर जयराम महतो जनसंपर्क अभियान में होंगे शामिल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अनिता कुमारी मुंडा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान मे? 20 फरवरी को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो चुनाव प्रचार प्रसार में हिस्सा लेकर मतदाताओं से समर्थन की अपील करेंगे।? उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष रवि कुमार महतो ने बताया कि इस अभियान में पार्टी के वरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय



रूप से मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि अनिता कुमारी मुंडा नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए एक योग्य एवं शिक्षित प्रत्याशी हैं। रवि महतो ने बताया कि अनिता कुमारी मुंडा बीए एवं बीएड की डिग्रीधारी हैं और चुनाव प्रचार के दौरान वे मतदाताओं से सहजता से मिलकर अपने मुद्दों को प्रभावी ढंग से रख रही हैं। पार्टी को विश्वास है कि उन्हें जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त होगा।

## प्रशासनिक आवास में हुआ गृह प्रवेश, कर्मचारियों को मिली बड़ी राहत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को नव-निर्मित प्रशासनिक आवासों का विधिवत गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी के सरकारी आवास के साथ-साथ पर्यवेक्षीय कर्मियों तथा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के लिए बनाए गए आवासों को औपचारिक रूप से उपयोग के लिए समर्पित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा,



जिला परिषद सदस्य यमुना तियू, विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाड़ेया, प्रखंड अध्यक्ष बबलू गोडसोरा, बीडीओ धनंजय पाठक एवं अंचलाधिकारी फुलेश्वर साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय दिउरी की ओर से पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना से हुई। कार्यक्रम में बताया गया कि इन आवासीय भवनों के निर्माण पर कुल पांच करोड़ 45 लाख 12 हजार रुपये की लागत आई है। लंबे समय से प्रखंड मुख्यालय में आवासीय सुविधा का अभाव था, जिसके कारण अंचल और प्रखंड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चाईबासा से प्रतिदिन आवागमन करना पड़ता था। इससे न केवल समय की हानि होती थी, बल्कि प्रशासनिक कार्यों की गति भी प्रभावित होती थी। उल्लेखनीय है कि इन भवनों का उद्घाटन पूर्व में 15 नवंबर को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया था। अब गृह प्रवेश के साथ ही आवासों का वास्तविक उपयोग प्रारंभ हो गया है। प्रखंड मुख्यालय परिसर में ही आवास उपलब्ध होने से अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य निष्पादन में सहूलियत मिलेगी तथा क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद है। समारोह में जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सुनीला खलखो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बबलू माझी, पशुपालन पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह, सीआई पवन तिर्की, समाजसेवी बिरसा तियू, उदय मुंडारी, कोना पुरती, आशेष कुमार सहित अंचल एवं प्रखंड के अनेक कर्मी उपस्थित रहे।

# डीसी और एसपी ने सेक्टर पदाधिकारियों को आपसी समन्वय का दिया निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** आगामी 23 फरवरी को पलामू के पांचों नगर निकाय क्षेत्रों के लिये मतदान होगा। इसे लेकर गुरुवार को मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस ने एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, क्लस्टर से बूथों की दूरी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष



और भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो, इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है। मतदान के बाद सभी लोग क्लस्टर पर पहुंचेगें। पूर्व से निर्धारित रुट को फॉलो करना जरूरी रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में पोलिंग पर्सन के की ओर से निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी को मतदान पूर्व संध्या जिम्मेदारी, आवंटित मतदान केंद्रों का दौरा, मतदान केंद्रों का निरीक्षण, नियंत्रण कक्ष एवं संचार व्यवस्था, क्रिटिकल बूथों पर विशेष नजर रखने पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि 23 फरवरी को मतदान स्थल के 100 मीटर के क्षेत्र में किसी प्रकार के हथियार ले जाने पर पाबंदी है। सभी पुलिस के जवान यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता मतदान स्थल के भीतर मोबाइल के साथ प्रवेश नहीं करे। उन्होंने मतदानकर्मियों से कहा कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत सर्वप्रथम अपने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से करें। इसके अलावे एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सभी निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# करांजी पंचायत में 50 दिव्यांगों व बुजुर्गों को मिली व्हीलचेयर, राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वितरण

**दिव्यांग व बुजुर्ग लाभुकों को मिला सहारा, पंचायत स्तर पर दिखी संवेदनशील पहल**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बेड़ो।** प्रखंड क्षेत्र के करांजी पंचायत सचिवालय में भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 50 दिव्यांग एवं जरूरतमंद बुजुर्ग लाभुकों के बीच व्हीलचेयर का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया फ्रांसिस मिंज ने की।इस अवसर पर मुखिया फ्रांसिस मिंज ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ जरूरतमंदों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि व्हीलचेयर मिलने से दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों को दैनिक जीवन में आने-जाने में सुविधा होगी और वे आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन कर सकेंगे। लाभुकों ने इस सहयोग के लिए सरकार एवं पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का माहौल सामाजिक संवेदनशीलता और सहयोग की भावना थे। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में लाभुकों को सम्मानपूर्वक व्हीलचेयर प्रदान की गई। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि बबलू खान, पंचायत अध्यक्ष सहबान अंसारी, शोएब अंसारी, नौशाद आलम, ऑस्कर तिर्की, जहांगीर अंसारी, सफरुद्दीन अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### महंगाई सबसे बड़ी चुनौती

**भारत** का दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना निस्संदेह गर्व का विषय है। मजबूत घरेलू खपत, नीतिगत सुधारों और तेज आर्थिक वृद्धि दर ने देश को वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर नई पहचान दी है। यह भी अनुमान जताया जा रहा है कि भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। किंतु इन उपलब्धियों के बीच एक मूलभूत प्रश्न अनिवार्य रूप से उठ खड़ा होता है-क्या आर्थिक विकास की इस चमकती तस्वीर में महंगाई को नियंत्रित रखने का पक्ष भी उतना ही सुदृढ़ है? हालिया आंकड़े संकेत देते हैं कि वर्ष की शुरूआत महंगाई में वृद्धि के साथ हुई है। थोक महंगाई दर जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो दिसंबर में 0.83 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर भी बढ़कर 2.75 प्रतिशत हो गई है। ये आंकड़े भले ही नियंत्रित सीमा में प्रतीत हों, लेकिन इनके पीछे छिपा वास्तविक असर आम जनता, खासकर गरीब और मध्य वर्ग, के लिए गंभीर है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि सबसे अधिक चिंता का विषय है। थोक स्तर पर खाद्य महंगाई दर 1.55 प्रतिशत रही, जबकि इससे पहले इसमें गिरावट दर्ज की गई थी। सब्जियों की महंगाई दर 6.78 प्रतिशत तक पहुंच जाना बताता है कि आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ा है। जब रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी होती हैं, तो परिवारों को अनिवार्य खर्चों के अलावा अन्य जरूरतों में कटौती करनी पड़ती है। महंगाई का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ता है जिसकी आय सीमित है। गरीब और मध्य वर्ग अपनी आय का बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन, किराया और स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं। ऐसे में कीमतों में मामूली वृद्धि भी उनकी क्रय शक्ति को कमजोर कर देती है। परिणामस्वरूप बचत घटती है, जीवन स्तर प्रभावित होता है और आर्थिक असुरक्षा की भावना बढ़ती है। आर्थिक विकास के बड़े आंकड़े अक्सर औसत तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, लेकिन महंगाई जमीनी हकीकत को उजागर करती है। अगर विकास दर ऊंची हो, पर आम जनता की जेब पर लगातार दबाव बने, तो यह असंतुलित प्रगति का संकेत है। सतत और समावेशी विकास वही है, जिसमें आय वृद्धि और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन बना रहे। थोक और खुदरा स्तर पर मूल्य वृद्धि का मतलब यह भी है कि आपूर्ति श्रृंखला, कृषि उत्पादन, भंडारण और वितरण प्रणाली में कहीं न कहीं सुधार की आवश्यकता है। विनिर्मित उत्पादों और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से भी संकेत मिलता है कि उत्पादन लागत और वैश्विक बाजार की स्थितियां घरेलू अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं।

# यूरिया नीति में बदलाव, बढ़ती लागत, घटती पैदावार

**देवेंद्रराज सुथार**

भारतीय कृषि व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले यूरिया उर्वरक को लेकर केंद्र सरकार के हालिया निर्णय ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के आदेश के तहत यूरिया की बोरी का वजन 50 किलो से घटा कर 40 किलोग्राम कर दिया गया है। इसके साथ ही यूरिया में नाइट्रोजन की मात्रा भी 46 से घटा कर 36 फीसद कर दी गई है। सरकार इसे सुधारात्मक कदम के रूप में पेश कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इस निर्णय ने किसानों की लागत बढ़ा दी है और कृषि उत्पादन तथा देश की खाद्य सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। यूरिया खेती में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला नाइट्रोजन उर्वरक है। गेहूं, धान और मक्का जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलों की उपज काफी हद तक नाइट्रोजन की उपलब्धता पर निर्भर करती है। यह पौधों की बढ़वार, पत्तियों के विकास और दाने भरने की प्रक्रिया के लिए अनिवार्य तत्त्व है।

ऐसे में यूरिया के स्वरूप में किया गया कोई भी बदलाव सीधे तौर पर फसलों की पैदावार, किसानों की आय और अंततः उपभोक्ताओं की खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करता है। सरकार के नए फैसले के बाद यूरिया की एक बोरी में उपलब्ध नाइट्रोजन की मात्रा में भारी गिरावट आई है। पहले 50 किलो की बोरी में 46 फीसद नाइट्रोजन के हिसाब से लगभग 23 किलो नाइट्रोजन उपलब्ध होती थी। अब 40 किलो की बोरी में 36 फीसद नाइट्रोजन के साथ यह मात्रा घट कर केवल 14.4 किलो रह गई है। अगर मौजूदा 270 रुपए प्रति बोरी की कीमत को आधार बनाया जाए, तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। पहले जहां किसानों को प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की जरूरत पूरी करने के लिए लगभग साढ़े सत्रह सौ रुपए खर्च करने पड़ते थे, अब वही जरूरत पूरी करने के लिए 2835 रुपए खर्च करने होंगे। यानी बिना दाम बढ़ाए ही किसानों पर करीब 37 फीसद अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। यह बोझ खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद मुश्किल भरा साबित हो सकता है। देश में लगभग एक करोड़ साठ लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। इसमें से करीब 65 फीसद भूमि की सिंचाई वर्षा पर आधारित है। यहां दलहन, तिलहन और बागवानी जैसी फसलें उगाई जाती हैं। इन फसलों में यूरिया की खपत अपेक्षाकृत कम होती है और कई मामलों में एक टन प्रति हेक्टेयर से भी कम रहती है।

लेकिन शेष लगभग पचास लाख हेक्टेयर सिंचित भूमि पर गेहूं और धान जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलें ली जाती हैं, जिनके लिए नाइट्रोजन की भारी मात्रा की आवश्यकता होती है। मौजूदा कृषि सिफारिशों के अनुसार गेहूं और धान जैसी फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर सालाना लगभग तीन सौ किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है। जबकि 46 फीसद नाइट्रोजन वाले यूरिया के हिसाब से यह आवश्यकता लगभग 620



> ***लेकिन शेष लगभग पचास लाख हेक्टेयर सिंचित भूमि पर गेहूं और धान जैसी उच्च उत्पादकता वाली फसलें ली जाती हैं, जिनके लिए नाइट्रोजन की भारी मात्रा की आवश्यकता होती है। मौजूदा कृषि सिफारिशों के अनुसार गेहूं और धान जैसी फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर सालाना लगभग तीन सौ किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है। जबकि 46 फीसद नाइट्रोजन वाले यूरिया के हिसाब से यह आवश्यकता लगभग 620 किलो यूरिया से पूरी हो जाती थी। इसी आधार पर देश के सिंचित क्षेत्रों के लिए सालाना करीब तीन करोड़ बीस लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत आंकी जाती है। जब कुल खपत चार करोड़ मीट्रिक टन से अधिक है, तो सवाल उठता है कि बाकी यूरिया कहां जा रहा है? इस सवाल का जवाब देश में लंबे समय से चले आ रहे यूरिया के दुरुपयोग में छिपा है। यह किसी से छिपा नहीं है कि सबसिडी वाले यूरिया का एक बड़ा हिस्सा कृषि के बजाय औद्योगिक उपयोग में चला जाता है। अनुमान है कि कुल सबसिडी वाले यूरिया का लगभग एक-तिहाई, यानी एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक फैक्टरियों में खप जाता है। केंद्रीय बजट 2022-23 में यूरिया में सबसिडी के लिए एक लाख 32 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था।***

किलो यूरिया से पूरी हो जाती थी। इसी आधार पर देश के सिंचित क्षेत्रों के लिए सालाना करीब तीन करोड़ बीस लाख मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत आंकी जाती है। जब कुल खपत चार करोड़ मीट्रिक टन से अधिक है, तो सवाल उठता है कि बाकी यूरिया कहां जा रहा है? इस सवाल का जवाब देश में लंबे समय से चले आ रहे यूरिया के दुरुपयोग में छिपा है। यह किसी से छिपा नहीं है कि सबसिडी वाले यूरिया का एक बड़ा हिस्सा कृषि के बजाय औद्योगिक उपयोग में चला जाता है। अनुमान है कि कुल सबसिडी वाले यूरिया का लगभग एक-तिहाई, यानी एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक फैक्टरियों में खप जाता है। केंद्रीय बजट 2022-23 में यूरिया में सबसिडी के लिए एक लाख 32 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। यह राशि निश्चित रूप से सरकारी खजाने पर भारी बोझ डालती है। मगर सवाल यह है कि इस बोझ को कम करने की कीमत किसान क्यों चुकाए।

यदि आपूर्ति शृंखला की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती, तो सबसिडी का बड़ा हिस्सा बचाया जा सकता था। इसके बजाय सरकार ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे ईमानदार किसान ही सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। इस नीति का एक और गंभीर पहलू है यूरिया की उपलब्धता और आपूर्ति संकट। पहले ही देश के कई हिस्सों में किसान बुआई के समय घंटों लंबी कतारों में लग कर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं। कई बार समय पर पूरी मात्रा नहीं मिल पाती। इससे खाद डालने का सही समय निकल जाता है। अब जब प्रति हेक्टेयर जरूरत पूरी करने के लिए अधिक बोरियां खरीदनी पड़ेंगी, तो यह संकट और गहराने की आशंका है। इसका सीधा असर फसलों के विकास और अंततः पैदावार पर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार गेहूं, धान और मक्का जैसी फसलों की पूरी पैदावार के लिए प्रति हेक्टेयर 120 से 150 किलो नाइट्रोजन की जरूरत होती है। पहले किसानों को यह मात्रा प्राप्त करने के लिए 50 किलो वाले यूरिया की लगभग सात बोरियां डालनी पड़ती थी। अब वही मात्रा पाने के लिए उसे दस से ग्यारह बोरी यूरिया की जरूरत होगी। इससे न केवल लागत बढ़ेगी, बल्कि मिट्टी के संतुलन और पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। यह संकट केवल किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से भी है। पिछले तीन वर्षों में गेहूं के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद सरकारी खरीद अपने लक्ष्य से काफी पीछे रही है।

यह स्थिति तब है, जब सरकार पैदावार के बड़े-बड़े दावे करती रही है। इस विरोधाभास से संकेत मिलता है कि देश में गेहूं का वास्तविक उत्पादन और घरेलू खपत लगभग बराबर स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे में यदि यूरिया की कमी या महंगाई के कारण पैदावार में गिरावट आती है, तो देश को अनाज आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है। खाद्य सुरक्षा किसी भी देश की संप्रभुता और सामाजिक स्थिरता का आधार होती है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में अनाज उत्पादन में थोड़ी-सी भी कमी व्यापक प्रभाव डाल सकती है। महंगाई, सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर दबाव और ग्रामीण असंतोष इसके संभावित परिणाम हो सकते हैं। इसलिए यूरिया जैसी बुनियादी कृषि सामग्री को लेकर तय की गई किसी भी नीति का मूल्यांकन केवल बजट संतुलन के नजरिए से नहीं किया जाना चाहिए। समाधान के रास्ते मौजूद हैं, बशर्ते नीति-निर्माण में इच्छाशक्ति और व्यावहारिक दृष्टिकोण हो। सबसे पहले यूरिया के औद्योगिक दुरुपयोग पर सख्ती से रोक लगानी होगी। किसानों के लिए उपलब्ध यूरिया की गुणवत्ता और मात्रा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। नीतियां जमीनी वास्तविकताओं और वैज्ञानिक सिफारिशों के अनुरूप होनी चाहिए, न कि केवल कागजी आंकड़ों पर। यह समझना होगा कि किसान, कृषि और खाद्य सुरक्षा एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। इनमें से किसी एक को कमजोर कर बाकी दो को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता और खाद्य सुरक्षा का आधार भी है। ऐसे में कोई भी प्रयोग दूरगामी परिणाम लेकर आता है। यदि किसान लागत बढ़ने या उपलब्धता की कमी के कारण आवश्यक मात्रा में यूरिया नहीं डाल पाता, तो उपज में गिरावट तय है।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# न संघर्ष थमेगा न होगा हसीना का प्रत्यर्पण

**उमेश चतुर्वेदी**

बांग्लादेश में विद्रोह के बाद शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। इस बहाने उनके प्रत्यर्पण की मांग तारिक समेत कई अन्य नेता भी करते रहे हैं। लेकिन अब तारिक का सुर नरम हो सकता है। इसकी वजह यह है कि वे यूनुस की तुलना में कहीं ज्यादा वैध लोकतांत्रिक सरकार के मुखिया बनने जा रहे हैं। लोकतांत्रिक सत्ता उतनी कट्टर और कठोर नहीं हो सकती, जैसी वीणा वैध मतदान के बाद आईं सरकारें होतीं हैं। वैसे भी भारत शेख हसीना को बांग्लादेश नहीं भेजने जा रहा है। बीएनपी का रूख भारत समर्थक तो नहीं ही रहा है, लेकिन बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया के निधन के बाद भारत ने जिस तरह का रुख अपनाया, उससे तारिक के मन की गाँठ खुली है। खालिदा के शोक के वक्त जिस तरह भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कदम उठाया और ढाका जाकर तारिक से दुख व्यक्त किया, उसे बांग्लादेश के साथ भारत की भावी रणनीति और संभावनाशील संबंधों की बानगी माना जा सकता है। भारत को अंदेशा था कि चुनावों में बीएनपी को समर्थन मिल सकता है। इसलिए उसने सही समय पर सही कदम उठाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। वैसे भी बांग्लादेश की सबसे प्रभावी पार्टी रही अवामी लीग ने चुनावों का बहिष्कार करने की घोषणा कर रखी थी। फिर यूनुस सरकार और कट्टरपंथी जमात ए इस्लाम के नेताओं ने अवामी लीग की राह में जमकर कांटे बोए। ऐसे में बीएनपी की जीत की उम्मीद बेमानी भी नहीं थी।

खालिदा जिया के निधन के बाद हुई एस जयशंकर की ढाका यात्रा से ही भारत की ओर से तारिक रहमान से संपर्क साधना शुरू हो गया था। इसका असर



तारिक के चुनाव प्रचार में भी दिखाई दिया। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भूलकर भी भारत के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जिससे भविष्य में दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्तों की उम्मीद जगी है। हसीना की वापसी पर भारत कहता रहा है कि शेख हसीना को बांग्लादेश लौटना है या नहीं, इसका फैसला उन्हें ही करना है। हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट 2025 में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर कह चुके हैं कि हसीना 'खास परिस्थितियोंइ में भारत आई थीं और वह स्थिति उनके भविष्य को तय करने में बड़ा रोल निभाएगी। कुछ ऐसे ही शब्दों का प्रयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी है। चुनाव आयोग के आधिकारिक नतीजों से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएनपी की जीत को जनता का भरोसा बताने में देर नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक और समावेशी बांग्लादेश के साथ काम करने को तैयार है। चुनाव जीतने के बावजूद बांग्लादेश के भावी प्रधानमंत्री तारिक की चुनौतियां कम नहीं होने जा रहीं हैं। इसकी वजह है, बांग्लादेश के बीते चुनाव में बेहद कम मतदान। जिसमें सिर्फ 48 प्रतिशत वोटिंग हुई है, यानि 52 प्रतिशत लोगो ने मतदान ही नहीं किया। ध्यान देने की बात है कि शेख हसीना को बांग्लादेश के 35 से प्रतिशत लोगों का समर्थन मिलता रहा है। कम मतदान का मतलब है कि हसीना के समर्थकों ने बड़े पैमाने पर चुनाव का बहिष्कार किया। इसके साथ ही केवल 48 प्रतिशत मतदान का मतलब है कि तारिक रहमान की अगुआई वाले गठबंधन को देश के ज्यादातर लोगों का समर्थन नहीं मिला। गौर करने की बात है कि बीएनपी की अगुआई वाले गठबंधन में पार्टी जमात-ए-इस्लामी, छात्रों की पार्टी एनसीए और जातीय पार्टी शामिल हैं। इसका अर्थ यह है कि बीते चुनाव में बीएनपी को 25 से प्रतिशत मत ही मिले और इतने कम वोट से ही वह सत्ता संभालने जा रही है। इसका संदेश साफ है कि हसीना का 'वोट बैंकइ खत्म नहीं हुआ है, बल्कि वह फिलहाल चुप है। इससे अवामी लीग के लिए भविष्य में वापसी की उम्मीद तो बनती ही है, बीएनपी के लिए चेतावनी भी है।

आधे से भी कम मतदान के बाद मिली जीत भी वैध नहीं मानी जा सकती। अवामी लीग के खिलाफ बगावत के बीज उनके आखिरी चुनाव के दौरान तत्कालीन विपक्षी दलों के चुनाव बहिष्कार से ही पड़ गए थे। कुछ वैसा ही हाल बीएनपी के साथ भी हो सकता है। आधे से भी कम आबादी की वोटिंग आगे जाकर जीतने वाली सरकार की वैधता पर सवाल का कारण बन सकती है। शेख हसीना भी जानती हैं कि हिंसक प्रदर्शन के बाद हुए चुनाव के बाद आई नई सरकार को करीब तीस प्रतिशत लोगों का ही समर्थन हासिल है। कम मतदान और मौजूदा सरकार का कम आधार आगे चलकर शेख हसीना के लिए संघर्ष का नया बहाना बन सकता है। वे इसे अपने लिए नैतिक जीत बता सकतीं हैं और इस आधार पर अवामी लीग के लिए फिर से सहयोग की व्यापक माँग कर सकती हैं। वैसे भी वे पहले यूनुस सरकार के खिलाफ लोगों से उठ खड़े होने की अपील कर चुकी हैं। साफ है कि बांग्लादेश का न तो संघर्ष खत्म होने जा रहा है और न शेख हसीना का प्रत्यर्पण. इस हालात में भारत को संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ना होगा।

**- लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**20 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.43 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मेष | 09.13 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.53 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.51 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 15.05 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 17.21 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.33 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.44 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.58 ब.से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | धनु | 02.14 बजे से |
| | | मकर | 04.19 बजे से |
| | | कुंभ | 06.06 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 51 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 14.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 20.08 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 18.23 बजे को समाप्त।
**करण** गर 14.39 बजे तदनन्तर वणिज 01.52 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 2.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 00'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872626
**जूलियन दिन** 2461091.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 02

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8777



**बाएँ से दाएँ**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टौंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

**शब्द पहेली -8776 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दा | न | व | | अ | व | रो | ध |
| मा | न | | ल | गा | म | | ज | ड़ |
| न | | रा | य | | र | वा | | क |
| स | ला | ह | का | र | | द | ह | न |
| | य | | र | | प | | ल | |
| म | न | का | | आ | तं | क | वा | द |
| द | | म | य | | ग | म | | स्त |
| हो | श | | शो | र | बा | | ना | क |
| श | ह | जा | दा | | जी | व | न | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7711** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7710 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |



# आध्यात्मिक यात्रा पर निकले कीकू

## अयोध्या को बताया सुकून और शांति देने वाला स्थल

**'द ग्रेट इंडियन कपिल शो'** में लंबे समय से काम कर रहे कमीडियन कीकू शारदा दर्शकों को हंसाने का काम करते आए हैं। मंच पर अपनी हाजिरजवाबी, चुलबुले अंदाज और हल्के-फुल्के मजाक से दर्शकों को ठहाके लगाने पर मजबूर करने वाले कीकू, निजी जीवन में बिल्कुल अलग व्यक्तित्व रखते हैं। जहां स्क्रीन पर उनका रूप चंचल और मस्ती भरा दिखाई देता है, वहीं वास्तविक जीवन में वे अध्यात्म की ओर गहरी आस्था रखते हैं। उनका कहना है कि मंदिरों में उन्हें जिस प्रकार की मानसिक शांति और आत्मिक सुकून का अनुभव होता है, वैसा अहसास उन्हें कहीं और नहीं मिलता। अब महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर उन्होंने अयोध्या भ्रमण की मंत्रमुग्ध कर देने वाली यात्रा शेयर की है। कीकू शारदा को अयोध्या के धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुए देखा गया, जहां राम मंदिर और हनुमानगढ़ी मंदिर की ऊर्जा ने उन्हें सुकून और शांति दोनों दी। अपने इंस्टाग्राम पर कीकू ने यात्रा से जुड़ी फोटो और अनुभव दोनों शेयर किए हैं और अपनी धार्मिक यात्रा के दौरान महसूस हुई आंतरिक शांति को शब्दों में पिरोने की कोशिश की है। अपनी पत्नी के साथ फोटो पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'अयोध्या के राम मंदिर की हमारी यात्रा आस्था, भावनाओं और गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव का अनुभव थी। राम मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकी जटिल नक्काशी और दिव्य आभा सदियों की भक्ति और आस्था को प्रतिबिंबित कर रही थी। राम लल्ला के सामने खड़े होकर हमारे भीतर एक गहरी शांति का अनुभव हुआ, कृतज्ञता, आशा और समर्पण की मौन प्रार्थना। उन्होंने आगे लिखा, 'वहां से हम हनुमानगढ़ी की पवित्र सीढ़ियों पर चढ़े। ऊर्जा, शक्ति और सुरक्षा का भरपूर अनुभव हुआ। भगवान हनुमान का मंदिर शक्तिशाली होते हुए भी सुकून देने वाला था, मानो हमें याद दिला रहा हो कि आस्था कोमल और साहसी दोनों होती है। ऊपर से अयोध्या का मनोरम दृश्य उस क्षण की शांति को और बढ़ा रहा था।

*'धुरंधर' एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ में*

# कंगना रनौत ने पढ़े कसीदे, बोलीं- 'इस बच्ची में कुछ अलग है'



अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकांउट पर सारा अर्जुन का एक वीडियो शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स आफिस पर कई रिकॉर्ड ब्रेक किए हैं। फिल्म में सारा अर्जुन के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। हाल ही में सारा ईशा फांउडेशन में शिवरात्रि मनाने पहुंची थीं। जहां से उन्होंने एक वीडियो शेयर किया। अब इस वीडियो को साझा करते हुए अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की।

### सारा को बताया जमीन से जुड़ा


मंडी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए जानी जाती हैं। हर मामले पर खुल कर बोलने वाली एक्ट्रेस ने अब सारा अर्जुन पर अपना प्यार बरसाया है। कंगना ने सारा की तारीफ करते हुए लिखा 'जमीन से जुड़ी हुई और एक अलग सी लड़की, आगे अपने जीवन में और अच्छा करो। तुम्हारे भविष्य के लिए मैं शुभकामनाएं देती हूं बच्चे।'

### 'धुरंधर' की भी कर चुकी हैं तारीफ

कंगना इससे पहले सारा की फिल्म 'धुरंधर' की भी तारीफ कर चुकीं हैं। एक्ट्रेस ने कहा था, 'मैंने 'धुरंधर' देखी और बहुत अच्छी लगी। यह फिल्म आर्ट और क्राफ्ट का एक शानदार मास्टर पीस है। मगर मैं फिल्ममेकर की इस फिल्म को बनाने के लिए ही काफी तारीफ करती हूं।' आगे कंगना ने लिखा 'डियर आदित्य धर जी, बॉर्डर पर हमारे डिफेंस फोर्स, सरकार में मोदी जी और बॉलीवुड में आप पाकिस्तानी आतंकियों की खूब कंबल कुटाई करो, मजा आ गया। फिल्म की सारी कास्ट ने काफी अच्छा काम किया है। मगर इसके असली धुरंधर आदित्य धर हैं।'

### सारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

बात करें सारा की तो 'धुरंधर' के बाद इनकी अगली फिल्म 'यूफोरिया' रिलीज हो चुकी है। 'यूफोरिया' एक तेलुगु फिल्म है जो इसी साल 6 फरवरी को रिलीज हुई है। अभिनेत्री सारा 19 मार्च को सारा एक बार फिर रणवीर सिंह के साथ 'धुरंधर पार्ट 2' में नजर आएंगी।



# रणबीर कपूर ने फैंस को सुनाई बुरी खबर

## नहीं बनेगा उनकी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्वल

**बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणबीर कपूर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक लाइव सेशन में अपने फैंस से बातचीत की. हालांकि उन्होंने एक ऐसी खबर सुनाई जिसने उनके फैंस का दिल तोड़ दिया. उन्होंने अपनी एक ब्लॉकबस्टर फिल्म पर बड़ा बयान दिया है.**

बॉलीवुड में लगातार सीक्वल का दौर जारी है. एक के बाद एक हिंदी सिनेमा में सीक्वल पर सीक्वल बन रहे हैं. हालिया दिनों की बात करें तो 'बॉर्डर' के 29 सालों के बाद 'बॉर्डर 2' पिछले महीने ही रिलीज हुई. 2025 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल अगले महीने यानी मार्च में दस्तक देने जा रहा है. वहीं, संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की फिल्म 'वध' का सीक्वल 'वध 2' भी हाल ही में रिलीज हुआ है. इनके अलावा आने वाले वक्त में और भी कई सीक्वल देखने को मिलेंगे.

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर के पास भी उनकी दो शानदार फिल्मों के सीक्वल हैं. रणबीर कपूर ने साल 2022 में अपनी पत्नी और दिग्गज एक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ 'ब्रह्मास्त्र' फिल्म में काम किया था. फैंस को लंबे वक्त से इसके सीक्वल का इंतजार है. वहीं, साल 2023 में रणबीर ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' में नजर आए थे. रणबीर इसका भी सीक्वल लाने वाले हैं, जिसे 'एनिमल पार्क' नाम दिया गया है. हालांकि, फैंस को उनकी एक और बेहतरीन फिल्म के सीक्वल का इंतजार था. लेकिन, रणबीर ने उसे लेकर फैंस नहीं आएगा इस बेहतरीन फिल्म का सीक्वल.

संजू, ब्रह्मास्त्र, ए दिल है मुश्किल और एनिमल जैसी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में अहम जगह बनाने वाले रणबीर कपूर इस जनरेशन के सबसे बेहतरीन एक्टर में से एक माने जाते हैं. हाल ही में अभिनेता ने अपने वेंचर ॠ्यस के इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाइव आकर अपनी शानदार फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' पर एक बड़ा बयान दिया. ये जवानी है दीवानी साल 2013 में आई थी जिसमें उनकी जोड़ी अभीनेत्री दीपिका पादुकोण के साथ बनी थी. लाइव सेशन में अभिनेता से उनकी पुरानी फिल्मों के सीक्वल के बारे में सवाल किया गया था. खासकर फैंस ये जवानी है दीवानी के सीक्वल पर अपडेट चाहते थे, लेकिन उन्हें निराशा झेलनी पड़ी है. रणबीर ने इसे लेकर कहा, 'बहुत से लोग पार्ट 2 चाहते हैं, लेकिन नई फिल्में, नए डायरेक्टर और नए आइडिया बहुत हैं जिन पर काम करना है. मुझे लगता है ये जवानी है दीवानी का अंत बहुत परफेक्ट था. इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसमें पार्ट 2 की जरूरत है. '

### ब्लॉकबस्टर निकली थी फिल्म

ये जवानी है दीवानी 31 मई 2013 को रिलीज हुई थी. इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का डायरेक्शन अयान मुखर्जी ने किया था और करण जौहर इसके प्रोड्यूसर थे. 75 करोड़ में बनी फिल्म दुनियाभर में 318 करोड़ रुपये कमाकर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी.

# हस्तर की दुनिया में लौटेगा खौफ!

## विलेन के रोल में दिखेंगे अक्षय खन्ना या नवाजुद्दीन? सोहम शाह ने कसी कमर




साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'तुम्बाड' ने अपनी अनोखी कहानी, शानदार विजुअल्स और हस्तर के खौफ से दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे. ये फिल्म वक्त के साथ एक ऐसी कल्ट क्लासिक बन गई कि 2024 में जब इसे दोबारा रिलीज किया गया, तो इसने नए रिकॉर्ड बना डाले. अब इसके सीक्वल 'तुम्बाड 2' को लेकर एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है. फिल्म के एक्टर और प्रोड्यूसर सोहम शाह ने इस बार फिल्म को और भी ग्रैंड बनाने के लिए पेन स्टूडियोज के जयंतीलाल गडा के साथ हाथ मिलाया है. पेन स्टूडियोज वही बैनर है जिसने 'आरआरआर' और 'गंगूबाई काठियावादी' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, जिससे साफ है कि इस बार हस्तर की दुनिया पहले से कहीं ज्यादा बड़ी और भयानक होने वाली है. 'तुम्बाड 2' की कहानी इस बार पहले से कहीं ज्यादा डार्क और कॉम्प्लिकेटेड होने वाली है और फिल्म की सबसे बड़ी हाईलाइट इसका 'विलेन' होगा.

### कैसा होगा फिल्म का नया शैतान?

फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों की मानें तो मेकर्स इस बार एक ऐसे दमदार विलेन की तलाश में हैं जो स्क्रीन पर सोहम शाह के किरदार विनायक राव को कड़ी टक्कर दे सके. इस रोल के लिए बॉलीवुड के दो बेहतरीन कलाकारों अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के नामों पर विचार किया जा रहा है. ये दोनों ही अभिनेता अपने किरदारों में जान दाल देते हैं और यही 'तुम्बाड' जैसी फिल्म की जरूरत है.

मेकर्स का उद्देश्य सिर्फ एक डरावना विलेन पेश करना नहीं है, बल्कि वे एक ऐसा 'लेयर्ड' किरदार चाहते हैं जिसकी अपनी सोच और गहराई (डेप्थ) हो. अक्षय खन्ना अपनी शांत लेकिन परफेक्ट एक्टिंग के लिए मशहूर हैं, वहीं नवाजुद्दीन सिद्दीकी किसी भी डार्क किरदार में जान फूंकने का हुनर रखते हैं. जानकारी के मुताबिक कि फिल्म की टीम एक ऐसे चेहरे की तलाश में है जो डरावना होने के साथ-साथ दर्शकों के दिलों में डर पैदा कर सके. हालांकि अभी तक कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इन दो नामों ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर पहुंचा दी है.

### बड़े पैमाने पर तैयार हो रहा है तुम्बाड यूनिवर्स

सोहम शाह के लिए 'तुम्बाड 2' सिर्फ एक अगली फिल्म नहीं है, बल्कि ये उनके उस सिनेमाई यूनिवर्स का विस्तार है जिसे उन्होंने बरसों की मेहनत से बनाया है. पेन स्टूडियोज के आने से फिल्म को न केवल बड़े प्रोडक्शन का साथ मिला है.

# भारत में पहली बार धमाल मचाने आ रहे कान्ये वेस्ट

## दिल्ली में होगा ऐतिहासिक कॉन्सर्ट

भारत में लाइव म्यूजिक और इंटरनेशनल कॉन्सर्ट्स का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कड़ी में अब लोगों के बीच अमेरिकी रैपर और सॉन्गराइटर कान्ये वेस्ट के लाइव परफॉर्मेंस को लेकर जमकर उत्साह है। यह कॉन्सर्ट कान्ये के करियर का भारत में पहला शो होगा। कान्ये वेस्ट का यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के तौर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को चुना गया है। यह शो तकनीक, विजुअल्स और साउंड के स्तर पर भारत के सबसे भव्य कॉन्सर्ट्स में से एक होगा। कान्ये वेस्ट का म्यूजिक करियर हमेशा से एक्सपेरिमेंट और बदलावों से भरा रहा है। उन्होंने हिप-हॉप को पारंपरिक 'गैंगस्टर रैप' से बाहर निकालकर एक नई पहचान दी। अटलांटा में जन्मे और शिकागो में पले-बढ़े कान्ये ने कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर म्यूजिक को करियर चुना।

शुरुआती दौर में उन्होंने बतौर म्यूजिक प्रोड्यूसर काम किया और मशहूर रैपर जे-जेड के लेबल रॉक-ए-फेला रिकॉर्ड्स से जुड़े। यहीं से उनकी 'चिपमंक सोल' प्रोडक्शन स्टाइल को पहचान मिली। रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट के तौर पर कान्ये का डेब्यू एल्बम 'द कॉलेज ड्रॉपआउट' बेहद सफल रहा और इसे आलोचकों से भी खूब सराहना मिली। इसके बाद उनका दूसरा



एल्बम 'लेट रजिस्ट्रेशन' आया, जिसने उन्हें और ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। उन्होंने करियर में 'स्लो जैम्ज', 'गोल्ड डिगर', 'स्ट्रॉन्गर' और 'ई.टी.' जैसे कई चार्टबस्टर गाने दिए। वह तीन अलग-अलग दशकों में बिलबोर्ड हॉट 100 चार्ट पर टॉप करने वाले पहले रैपर भी बने। कान्ये वेस्ट का नाम दुनिया के सबसे ज्यादा रिकॉर्ड बेचने वाले म्यूजिक आर्टिस्ट्स में शामिल है। अब तक उनके लगभग 160 मिलियन रिकॉर्ड्स बिक चुके हैं। वह 24 ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुके हैं और सबसे ज्यादा सम्मान पाने वाले कलाकारों में 13वें स्थान पर हैं।

उन्हें टाइम मैगजीन ने दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया है। रोलिंग स्टोन ने उनके छह एल्बम्स को '500 ग्रेटेस्ट एल्बम्स ऑफ ऑल टाइम' में जगह दी और उन्हें '100 ग्रेटेस्ट सॉन्गराइटर्स ऑफ ऑल टाइम' में भी शामिल किया।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म में To&ic की एक्ट्रेस बनेगी हीरोइन?



## रुक्मिणी वसंत से हो रही बातचीत

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' की शूटिंग में बिजी हैं. इसके अलावा, कार्तिक आर्यन के पास अगला प्रोजेक्ट भी है, जिसमें वो निखिल नागेश भट्ट की फिल्म में नजर आ सकते हैं. कार्तिक आर्यन और निखिल नागेश भट्ट की फिल्म पर एक अहम अपडेट मिला है.

कार्तिक आर्यन दिसंबर 2025 में 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' फिल्म लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ अनन्या पांडे नजर आई थीं. फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 30.90 करोड़ रुपये की कमाई की और फ्लॉप रही. इ, फिल्म के फ्लॉप होने के बाद कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्मों पर जुट गए हैं. कार्तिक के खाते में चार ऐसी फिल्में हैं, जिनके जरिए वो 2026 और 2027 में बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर सकते हैं. इन्हीं में से एक है 'किल' के डायरेक्टर संग कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म. काफी वक्त से इस फिल्म की चर्चा है. करण जौहर की 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के बाद कार्तिक आर्यन अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं. हाल ही में खबर आई थी कि कार्तिक आर्यन जल्द ही साल 2023 की हिट फिल्म 'किल' के डायरेक्टर निखिल नागेश भट्ट की अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं.

# किरदार अवनी से मिली नई ताकत : शनाया कपूर



**फिल्मी** दुनिया में किसी भी कलाकार के लिए खुद को साबित करना और आलोचनाओं से जूझना आसान नहीं होता। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री शनाया कपूर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा किया। इस पोस्ट में उन्होंने नई फिल्म 'तू या मैं' और अपने किरदार 'अवनी' को लेकर दिल की बातें रखीं। इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए शनाया कपूर ने कहा, '''तू या मैं' मेरे जीवन में उस वक्त आई, जब मैं खुद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थी। मेरे अंदर आत्मविश्वास की कमी थी और मैं खुद से सवाल करती रहती थी। ऐसे समय में इस फिल्म और इस किरदार का मिलना मेरे लिए किसी सहारे से कम नहीं था। इस फिल्म ने मुझे सिर्फ एक भूमिका नहीं दी, बल्कि खुद पर भरोसा करना भी सिखाया।'' अपने किरदार के बारे में शनाया ने कहा, ''अवनी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। फिल्म में अवनी एक ऐसी लड़की है, जो मुश्किल हालात में भी हार नहीं मानती और जानलेवा परिस्थितियों का सामना करती है। अवनी मगरमच्छों से लड़ती है। अवनी के इसी अंदाज ने मुझे डर से लड़ना सिखाया। इस किरदार ने मुझे निडर और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। मैं अभी भी अवनी के मजबूत व्यक्तित्व तक पहुंचने की कोशिश कर रही हूं। यह सफर मेरे लिए बेहद खास है. अपनी पोस्ट में शनाया ने दर्शकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, ''करियर की शुरुआत में ही दर्शकों से इतना प्यार मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। लोगों की तारीफ, प्रतिक्रियाएं और समीक्षाएं मुझे भावुक कर देती हैं। मैं दर्शकों का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे अवनी के रूप में अपनाया। यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है।

# राजगीर भ्रमण पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू, पर्यटन विकास का किया अवलोकन

एजेंसी



**बिहारशरीफ।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को बिहार में राजगीर स्थित ग्लास ब्रिज, नेचर सफारी तथा जू सफारी परिसर का भ्रमण किया। उनके आगमन से राजगीर की सुरम्य वादियों और हरित प्राकृतिक वातावरण में विशेष उत्साह का माहौल देखा गया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने यहां की मनोहारी प्राकृतिक छटा, सुव्यवस्थित पर्यटन व्यवस्था तथा जैव-विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजगीर ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति, रोमांच और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह स्थान देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सफारी प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए पर्यटन को विकसित करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, जिसे यहां प्रभावी ढंग से किया जा रहा है।

यह पहल स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता भी पैदा कर रही है। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, इको-टूरिज्म गतिविधियों, पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों और आधुनिक पर्यटक प्रबंधन प्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने उन्हें परिसर की संचालन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा संरक्षण रणनीतियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजगीर का यह मॉडल देश के अन्य पर्यटन स्थलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कृषि संस्थानों का किया भ्रमण

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह रक्सौल जाने के क्रम में गुरूवार को पीपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, पशु प्रजनन केंद्र और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वानिकी एवं उद्यानिकी महाविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों के साथ खेती में नई तकनीकों, मिट्टी की उर्वरा शक्ति और किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

पत्रकारों से बातचीत में मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ये संस्थान किसानों की 'रीढ़' हैं और यहां के वैज्ञानिकों के प्रयास से खेती की दिशा बदल सकती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप किसानों की आय दोगुनी करने और खेती में रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ाने के लिए बायोचार और विभिन्न माइक्रोन्यूट्रिएंट्स के उपयोग पर वैज्ञानिकों ने वैकल्पिक सुझाव दिए। इसका पहला प्रयोग बेगूसराय में किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि बेगूसराय में रासायनिक खाद का उपयोग कम करना जरूरी है, ताकि जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहे और किसानों की पैदावार बेहतर हो। 'द केरल फाइल' और 'द कश्मीर फाइल' फिल्मों के विरोध को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इनका विरोध वही लोग कर रहे है

## संक्षिप्त समाचार

### 23 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण



**बक्सर।** बुनियाद केंद्र बक्सर के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कुल 23 योग्य दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इससे दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा सहायक उपकरण एवं बैटरी चालित ट्राई साइकिल के लिए अधिक से अधिक आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। योजना के तहत लाभ पाने के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत चलंत दिव्यांगता, परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपये से कम तथा आयु 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। इच्छुक लाभार्थी समाज कल्याण विभाग के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जिले में बुनियाद केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजनों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श और फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### साहेबगंज नगर परिषद का जेई रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ नीतीश सरकार के 'जीरो टॉलरेंस' अभियान के तहत विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने मुजफ्फरपुर में बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को टीम ने साहेबगंज नगर परिषद में तैनात कनीय अभियंता (जेई) अमन कुमार को 9,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध यह लगातार तीसरे दिन बड़ी कामयाबी है। साहेबगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या-12 (ग्राम-नाही) निवासी राजकुमार तिवारी ने पटना स्थित विशेष निगरानी इकाई में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि उसके क्षेत्र में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया गया था, जिसके भुगतान और कागजी प्रक्रिया के एवज में कनीय अभियंता अमन कुमार 9,000 रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद निगरानी इकाई ने मामले की गुप्त जांच कराई। आरोप सही पाए जाने पर एक विशेष टीम गठित की गई। योजना के अनुसार, जैसे ही गुरुवार को अमन कुमार ने शिकायरकर्ता राजकुमार तिवारी से रिश्वत की राशि स्वीकार की, वैसे ही निगरानी टीम ने उन्हें दबोच लिया। टीम ने उनके पास से रिश्वत के पैसे बरामद कर लिए हैं। इस मामले में विभाग ने कांड संख्या-07/2026 दर्ज किया है। मुजफ्फरपुर जिले में भ्रष्टाचार पर प्रहार का यह सिलसिला पिछले तीन दिनों से लगातार जारी है, जिससे सरकारी महकमों में हड़कंप मच गया है। 17 फरवरी को प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया था। 18 फरवरी को सदर थाने के दरोगा भास्कर कुमार मिश्रा को 15 हजार रुपये लेते गिरफ्तार किया गया और आज साहेबगंज नगर परिषद के जेई अमन कुमार 9 हजार रुपये के साथ धरे गए।

## बजट सत्र : अंगद का पैर कोई नहीं खींच सकता

# मेरा मिशन है मैं उसे पूरा करके रहूंगा : विजय सिन्हा

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के 13 वें दिन विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक राहुल कुमार ने इस्लामपुर में गैर मजरूआ जमीन पर कब्जा का मामला उठाया। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अंगद का पैर कोई नहीं खींच सकता, मेरा जो मिशन है मैं उसे पूरा करके रहूंगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जितने दिन राजस्व विभाग में मंत्री रहूंगा उसका परिणाम निकलेगा। मार्च महीने के बाद अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी। कभी अंचलाधिकारी तो कभी कर्मचारी हड़ताल पर चले जाते हैं जिसके कारण देरी हो रही है, दवा कड़वी होती है, लेकिन दवा खाते हैं तो उसका असर होता है और यह दिखता भी है। बीमारी के इलाज के लिए धैर्य रखना होगा। हड़बड़ाने से काम नहीं चलेगा। हम एलोपैथिक और होम्योपैथिक के चक्कर में नहीं पड़ते हैं। आयुर्वेदिक इलाज करते हैं जो स्थाई समाधान करेगा।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के इस्लामपुर विधायक रुहैल रंजन ने अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर पूछे गए सवाल पर आपत्ति जताई। नरकटिया के विधायक विशाल कुमार ने खाद की कालाबाजारी का सवाल उठाया। इस पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि वर्ष 2025-26 में खरीफ और रबी फसल के लिए यूरिया उपलब्ध करा दी गई है। जरूरत से अधिक यूरिया उपलब्ध कराई गई है। जवाब में विधायक विशाल कुमार ने पदाधिकारी और डीलरों के मिली भगत का आरोप लगाया। कई पदाधिकारी का नाम लेकर भी उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारी की मोबाइल लोकेशन से भी जांच कराया जाए। इस पर मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कालाबाजारी को लेकर सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। पूर्वी चंपारण में 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। 19 लोगों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। पूरे बिहार में 419 लाइसेंस रद्द किए गए और 104 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

पटना में देर से पहुंचने के कारण परीक्षा सेंटर में प्रवेश नहीं मिलने पर एक छात्रा के आत्महत्या मामले पर राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि अगर किसी परीक्षार्थी को 5 मिनट लेट हो जाए तो परीक्षा भवन में नहीं घुसने देना गैरकानूनी है। सरकार को कड़ा कानून लाना चाहिए और 10-15 मिनट की छूट देनी चाहिए। जाम सभी जगहों पर रहता है और आप अगर होम सेंटर देते हैं तो कोई बात नहीं है लेकिन दूर-दूर सेंटर पर लोग जाम में फंस जाते हैं लोगों को देरी हो जाती है।

# खेल विभाग की समीक्षा में सुरक्षा, निगरानी, पीपीपी मॉडल और संस्थागत सुधारों पर जोर

एजेंसी




**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बुधवार को खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में खेल सचिव महेन्द्र कुमार एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य के खेल तंत्र में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्य सचिव ने खेल क्लबों एवं खेल परिसरों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया कि सभी पंचायत स्तर के खेल परिसरों एवं आउटडोर स्टेडियमों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि पारदर्शिता, सुरक्षा एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खेल क्लबों के सक्रियण एवं संचालन की प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप दिया जाए, जिससे उसकी नियमित समीक्षा एवं प्रगति का आकलन किया जा सके। सचिव स्तर पर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि राज्य भर में खेल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित हो सके। मुख्य सचिव ने खेल क्षेत्र में स्वस्थ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के लिए स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए, जिससे सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो सके। स्थानीय उद्योगों को खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन में शामिल करने तथा युवाओं को प्रतियोगिताओं एवं खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि समावेशी एवं सुव्यवस्थित पीपीपी मॉडल राज्य में खेल विकास के लिए अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। जमीनी स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक खेल क्लब के साथ जिला खेल पदाधिकारी, राज्य सरकार के खेल प्रशिक्षक तथा शारीरिक शिक्षक को टैग किया जाए। खेल सामग्री की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं एकाधिकार की स्थिति को रोकने के लिए उन्होंने खुले आमंत्रण (ओपन कॉल) के माध्यम से खेल सामग्री आपूर्तिकताओं एवं विक्रेताओं को सूचीबद्ध (एम्पैनल) करने का निर्देश दिया।

### ब्रह्मपुर कृषि फार्म पर नकदी फसलों के उत्पादन पर जोर

**बक्सर।** जिले में ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत कृषि विभाग के अधीन संचालित कृषि फार्म का भ्रमण जिलाधिकारी साहिला ने किया।इस दौरान फार्म में विभिन्न प्रकार की रबी फसलों का आच्छादन पाया गया। डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार को निर्देश दिया कि पारंपरिक फसलों के साथ-साथ नकदी फसलों एवं फलदार पौधों का भी व्यापक स्तर पर खेती सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कृषि में नवीन तकनीक एवं आधुनिक संयंत्रों के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया, ताकि किसान इनका अवलोकन कर प्रेरित हों और आय वृद्धि करने वाली फसलों की खेती को बढ़ावा दें। जिला कृषि पदाधिकारी को किसानों के लिए उन्नत एवं प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने का भी निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य किसानों को नई तकनीक, बेहतर उत्पादन पद्धति तथा अधिक लाभकारी फसलों की जानकारी देकर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

### बिहार विधान परिषद में डीजे पर रोक लगाने का मुद्दा उठा, सरकार ने कहा- सख्त कार्रवाई होगी

**पटना।** बिहार विधान परिषद में गुरुवार को निर्दलीय विधान परिषद सदस्य वंशीधर व्रजवासी ने डीजे बजाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने से कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होती है और कुछ मामलों में हृदयाघात की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके अलावा शादी-विवाह जैसे आयोजनों में गोलियां चलने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन गाड़ियों पर डीजे बजाए जाते हैं, उन पर न तो वाहन नंबर होता है और न ही कोई वैध पहचान, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। उनके समर्थन में परिषद के अन्य सदस्यों ने भी तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त रोक लगाने की मांग उठाई। इस पर जवाब देते हुए परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सदन में स्पष्ट और कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के भीतर बिहार में बिना अनुमति डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और राज्य को डीजे मुक्त किया जाएगा। मंत्री ने साफ किया कि बिना लाइसेंस चल रहे डीजे वाहनों को जब्त किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने यह भी कहा कि ध्वनी प्रदूषण को लेकर परिवहन विभाग विशेष अभियान चलाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने सदन में यह भी कहा कि बाद में यह मत कहिएगा कि शादी-विवाह में डीजे बजाने की अनुमति दी जाए।

### संदिग्ध दवा पर रोक, गुणवत्ता जांच के लिए लैब भेजे गए सैंपल

**सीवान।** सदर अस्पताल के दवा काउंटर पर मरीजों को वितरित की जा रही दवा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। मरीजों की शिकायत पर जिला औषधि विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें सदर अस्पताल के दवा काउंटर पर मरीजों को वितरित की जा रही दवा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। मरीजों की शिकायत पर जिला औषधि विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया, जिसमें डिसाइक्लोमिन टैबलेट के दो बैच की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। टैबलेट के दो बैच की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। मरीजों ने शिकायत की थी कि दवा की स्ट्रिप से टैबलेट निकालते ही वह पाउडर में बदल जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए औषधि निरीक्षक हरिनारायण सहनी, दयानंद सिंह एवं रवि शंकर सिंह की टीम ने सदर अस्पताल के दवा काउंटर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि बैच संख्या 25033 एवं 25034 की डिसाइक्लोमिन टैबलेट स्ट्रिप से बाहर निकलते ही टूटकर पाउडर हो रही है, जो दवा की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करता है। निरीक्षकों ने तुरंत प्रभाव से इन दोनों बैच की दवाओं के वितरण पर रोक लगाने का निर्देश दिया। टीम ने संबंधित दवा के सैंपल संग्रहित कर लिए हैं, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।बताया जा रहा है कि उक्त दवा मरीजों को वितरण के लिए बीएमएसआइसीएल द्वारा आपूर्ति की गई थी। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

### नालंदा जिले के बीपीएल परिवारों के लिए नि:शुल्क रूफटॉप सोलर पैनल योजना का शुभारंभ




**बिहारशरीफ।** नालंदा और नवादा जिले के गरीब एवं कुटीर ज्योति (बीपीएल) बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बिजली बिल के बोझ को कम करने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पात्र परिवारों की छतों पर निशुल्क सोलर पैनल लगाने की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत लाभार्थी परिवार दिन के समय पंखा, बल्ब एवं अन्य आवश्यक उपकरण सौर ऊर्जा से चला सकेंगे, जिससे बिजली खर्च में राहत मिलेगी। वर्तमान में नालंदा जिले में 93000 तथा नवादा जिले में 91500 कुटीर ज्योति के विद्युत उपभोक्ता है। बिजली कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे 28 फरवरी तक अपनी सहमति अवश्य प्रदान करें, ताकि पहले चरण में ही सोलर यूनिट स्थापना की प्रक्रिया पूरी की जा सके। आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह सरल और डिजिटल बनाया गया है। उपभोक्ता घर बैठे ह्यसुविधा एपह्ल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर ह्लरूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)ह्व विकल्प चुनना होगा। इसके बाद उपभोक्ता संख्या दर्ज कर ओटीपी से सत्यापन करना है और आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र तथा बीपीएल कार्ड अपलोड कर आवेदन सबमिट करना होगा।जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है, वे संबंधित प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर या नजदीकी वसुधा केंद्र की सहायता ले सकते हैं। विभागीय सुविधा काउंटर पर यह सेवा नि:शुल्क उपलब्ध है। विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन करें, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंच सके।

# सीएम नीतीश के नेतृत्व में अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ा बिहार : मैथिली

एजेंसी




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आए बदलाव को लेकर विधानसभा में गुरुवार को जोरदार बहस देखने को मिली। सदन में शिक्षा बजट पर बोलते हुए विधायक मैथिली ठाकुर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2005 से पहले का बिहार महाभारत के धृतराष्ट्र के हस्तिनापुर जैसा था, जहां शासन तो था लेकिन व्यवस्था देखने और सुधारने की इच्छाशक्ति नहीं थी। उससे भी बड़ी बात यह थी कि उन्हें हस्तिनापुर की नहीं, केवल दुर्योधन की चिंता थी।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब सरकारी स्कूलों की हालत जर्जर थी, शिक्षक वेतन के लिए भटकते थे और बच्चों को मध्यान्ह भोजन तक नसीब नहीं होता था। कागजों पर विद्यालय चलते थे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कई वरिष्ठ नेता उस दौर के साक्षी भी रहे हैं और सत्ता का हिस्सा भी, इसलिए उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा, जनता भले भूल जाए, लेकिन इतिहास कभी नहीं भूलता और न ही माफ करता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 को बिहार के लिए ऐतिहासिक मोड़ बताते हुए उन्होंने कहा कि उस समय एक नए युग की शुरूआत हुई, जिसका नाम है नीतीश कुमार। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन, कानून व्यवस्था और विकास की नई परंपरा की नींव रखी गई।

मुख्यमंत्री साइकिल योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे सरकार की ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इस योजना ने ग्रामीण इलाकों की बेटियों की तकदीर बदल दी। उन्होंने कहा कि पहले जहां लड़कियाँ स्कूल तक नहीं पहुंच पाती थीं, वहीं साइकिल मिलने के बाद बड़ी संख्या में छात्राएं विद्यालय जाने लगीं। उस समय विपक्ष ने इस योजना का मजाक उड़ाया था, लेकिन आज यह पूरे देश के लिए मॉडल बन चुकी है। महिला सशक्तिकरण और कानून व्यवस्था पर मैथिली ठाकुर ने कहा कि पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, शराबबंदी और महिला सुरक्षा से जुड़े कड़े कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने बेटियों को आत्मविश्वास और सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने समापन करते हुए कहा कि बिहार ने अंधकार से प्रकाश की ओर, भय से आत्मविश्वास की ओर और जंगलराज से सुशासन की ओर यात्रा की है। अब राज्य पीछे मुड़कर देखने वाला नहीं, बल्कि आगे बढ़ने वाला है।

# तीन मैच पॉइंट बचा कर गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**दुबई (एजेंसी)।** कोको गॉफ ने बुधवार रात को तीन मैच पॉइंट बचाए और एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6 (9), 6-3 से हराकर दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 2 घंटे और 18 मिनट में मिली इस जीत ने 2021 के बाद पहली बार यह दिखाया कि गॉफ ने टूर-लेवल की जीत में मैच पॉइंट बचाए और बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया।

गॉफ ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, पूरा मैच ऐसा लगा जैसे मेरे हिसाब से नहीं जा रहा है।यह सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन मैंने बस इसमें बने रहने की कोशिश की, और मैंने हर पॉइंट के लिए लड़ाई की। मुझे खुशी है कि मैं आज रिजल्ट ला पाई।

### अभिषेक शर्मा फिर 0 पर आउट हुए, बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

# इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले ओपनर बने



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 में भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा का संघर्ष जारी है। नीदरलैंड के खिलाफ अहम मुकाबले में भी वह बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इस निराशाजनक प्रदर्शन के साथ उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। अभिषेक अब एक कैलेंडर वर्ष में टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले ओपनरों की सूची में शामिल हो गए हैं। 2026 में यह पांचवां मौका है जब वह शून्य पर आउट हुए, जिससे उनकी फॉर्म पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

**नीदरलैंड के खिलाफ फिर निराशा-** नीदरलैंड के खिलाफ मैच में भारतीय टीम को तेज शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन अभिषेक शर्मा पहली ही चुनौती में असफल रहे। विपक्षी गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से उन्हें बांधे रखा और वह बिना रन बनाए आउट हो गए। टी20 जैसे फॉर्मेट में ओपनर की भूमिका बेहद अहम होती है। पावरप्ले का फायदा उठाकर तेज रन बनाना टीम की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। ऐसे में बार-बार डक पर आउट होना टीम के संतुलन को प्रभावित करता है।

**एक कैलेंडर वर्ष में 5 डक, शर्मनाक सूची में नाम -** अभिषेक शर्मा अब 2026 में टी20 में पांच बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। इसके साथ ही वह उन ओपनरों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा बार डक का सामना किया है।

# इटली को वेस्टइंडीज ने रौंदा, खत्म हुआ वर्ल्डकप में सफर

### अब सुपर 8 में नजर आएगी कैरेबियाई टीम शमार,जोसेफ को 4 विकेट

**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने टी–20 वर्ल्डकप के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रन से हरा दिया। वेस्टइंडीज की इस वर्ल्डकप में यह लगातार चौथी जीत है। गुरुवार को दिन के पहले मैच में इटली ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 165 रन बनाए हैं। जवाब में इटली 18 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। ग्ररुप–सी का यह



आखिरी मुकाबला था।
166 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इटली के लिए बेन मैनेंटी ने 26, जेजे स्मट्स ने 24, एंथोनी मोस्का ने 19 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 12 रन बनाए। बाकी 7 बैटर्स दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने 4, मैथ्यू फोर्ड ने 3 और गुडाकेश मोती ने 2 विकेट लिए। अकील हुसैन को भी 1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज के लिए शाई होप ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 46 बॉल पर 75 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, रोस्टन चेज 24 और शेरफेन रदरफोर्ड ने नाबाद 24 रन बनाए। इटली के लिए क्रिशन कलुगमागे और बेन मैनेंटी ने 2–2 विकेट लिए। अली हसन और थॉमस ड्राका को 1–1 विकेट मिला।

# नामीबिया पर पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत



**कोलंबो (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर-8 स्टेज में एंट्री कर ली। यह टीम की वर्ल्ड कप में रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी ओर टीम इंडिया ने टूर्नामेंट इतिहास में रिकॉर्ड 12वां लगातार मैच जीत लिया। वहीं टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा लगातार तीसरे मुकाबले में खाता नहीं खोल सके। पाकिस्तान ने बुधवार को नामीबिया के खिलाफ 199 रन बनाने के बाद उन्हें 97 रन पर समेट दिया। टीम ने 102 रन से मुकाबला जीता। यह टी-20 वर्ल्ड कप में रन के अंतर से पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले 2009 में टीम नीदरलैंड को लॉर्ड्स स्टेडियम में 82 रन से हरा चुकी है।



# महिला क्रिकेट : ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 में भारत को 19 रन से हराया

### तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी

एजेंसी

**कैनबरा।** नई ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स की अगुआई में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने शानदार वापसी करते हुए भारत को 19 रन से हराकर तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। सिडनी में बारिश से प्रभावित पहले मैच में डीएलएस पद्धति से हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने कैनबरा के मनुका ओवल में जोरदार प्रदर्शन किया। अब श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को एडिलेड में खेला जाएगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। शुरूआती दो ओवरों में ऑस्ट्रेलिया सिर्फ आठ रन ही बना सकी, लेकिन इसके बाद जॉर्जिया वॉल ने आक्रामक अंदाज में पारी संभाल ली। युवा बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल ने 57 गेंदों पर 88 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था। दूसरे छोर पर बेथ मूनी ने संयमित खेल दिखाते हुए 39 गेंदों पर 46 रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 89 गेंदों पर 128 रन की साझेदारी हुई, जो भारत के खिलाफ इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। मूनी के आउट होने के बाद भारत ने वापसी की कोशिश की। अरुंधति रेड्डी ने सटीक गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट 30 रन पर लिए और 17वें ओवर में वॉल को भी पवेलियन भेजा। अंतिम चार ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 20 ओवर में 5 विकेट पर 163 रन तक सीमित रखा। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 54 रन बना लिए। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने तेज शुरूआत दी। हालांकि इसके बाद मैच का रुख बदल गया। सोफी मोलिन्यूक्स ने गेंदबाजी में आकर शेफाली वर्मा को एलबीडब्ल्यू आउट कराया। इसके बाद एश्ली गार्डनर ने जेमिमा रोड्रिग्स को सिर्फ चार रन पर पवेलियन भेज दिया। किम गार्थ ने स्मृति मंधाना को विकेटकीपर बेथ मूनी के हाथों कैच कराया। नौ ओवर के भीतर भारत ने तीन अहम विकेट गंवा दिए और रनगति पर दबाव बढ़ गया। हरमनप्रीत कौर (36) और ऋचा घोष ने 55 रन की साझेदारी कर टीम को मुकाबले में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन किम गार्थ ने हरमनप्रीत को आउट कर यह साझेदारी तोड़ दी।

### हरमनप्रीत कौर बनीं महिला क्रिकेट की सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी

**कैनबरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रचते हुए महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में मैदान पर उतरते ही उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 19 फरवरी को अपना 356वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सुजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास की सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गईं। सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली खिलाड़ियों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (349 मैच) तीसरे स्थान पर हैं। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स ने 309 मुकाबलों में देश का प्रतिनिधित्व किया।

# मैग्नस कार्लसन बने विश्व फ्रीस्टाइल शतरंज चैम्पियन

**वाइजनहाउस ,जर्मनी (एजेंसी)।** फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप 2026 का खिताब दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने जीत लिया है । फाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के फैबियानो करुआना को 2.5–1.5 से हराकर विश्व चैम्पियन



बनने का गौरव हासिल किया। चौथे और अंतिम गेम में ड्रॉ कार्लसन के लिए खिताब सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त रहा। निर्णायक क्षण तीसरे गेम में आया, जब कार्लसन लगभग हारी हुई स्थिति से मुकाबला पलटने में सफल रहे। करुआना को तीन अलग–अलग मौकों पर जीत के अवसर मिले, लेकिन समय दबाव और जटिल स्थिति के कारण वे बढ़त को जीत में नहीं बदल सके। तीसरे गेम में बढ़त लेने के बाद कार्लसन ने अंतिम मुकाबले में संतुलित एंडगेम में ड्रॉ कर खिताब अपने नाम कर लिया। यह 2026 संस्करण फिडे द्वारा मान्यता प्राप्त पहला आधिकारिक फ्रीस्टाइल विश्व चैम्पियनशिप था। इससे पहले कार्लसन फिडे फिशर रैंडम विश्व खिताब जीतने की कोशिश कर चुके थे, लेकिन सफल नहीं हुए थे। वाइसेनहाउस में उन्होंने अपने करियर का 21वां विश्व खिताब हासिल किया और इसके साथ ही क्लासिकल , रैपिड , ब्लिट्ज और फ्रीस्टाइल के साथ शतरंज के सभी फॉर्मेट को जीत लिया है । तीसरे स्थान के मुकाबले में उज़्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने जर्मनी के विंसेंट केमर को 2.5–1.5 से हराया, और 2027 फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया। पांचवें स्थान के लिए हुए मुकाबले में हंस नीमन ने भारत के अर्जुन एरिगैसी को 2–0 से हराया।



# केडीएमए लीग मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में अंपायर मानिक गुप्ता की गई जान

**लखनऊ/उन्नाव (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। उन्नाव के शुक्लागंज के सप्रू मैदान में चल रही केडीएमए लीग मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में अंपायर की मौत का मामला सामने आया है। अंपायर का नाम मानिक गुप्ता है। वह कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर अपायर थे। मधुमक्खियों के हमले के दौरान अंपायर मानिक गुप्ता 10 मिनट तक घिरे रहे। इस घटना में केसीए के सीनियर अंपायर की मौत हो गई। मधुमक्खियों के हमले के दौरान अन्य खिलाड़ियों के साथ दूसरे अंपायर ने भागकर जान बचाई। मानिक गुप्ता कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर अंपायर थे। वह 65 वर्ष के थे। उन्हें अंपायरिंग से खासा प्यार था। वह हॉर्ट की बीमारी से भी पीड़ित थे। परिवार ने उनके पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया है। उनका अंतिम संस्कार भगवतदास घाट पर किया गया।

- **अंपायरिंग से प्यार, ड्रेस में ही गई जान-** मानिक गुप्ता को अपने अंपायर होने पर बहुत गर्व था। वह अंपायर की ड्रेस से काफी प्यार करते थे। अंपायर की ड्रेस पहनकर वे काफी खुश हो जाते थे। मानिक गुप्ता के साथियों ने बताया कि अंपायर की ड्रेस पहनने के बाद मानिक सिर्फ सच्चाई और ईमानदारी की बात करते थे। उनकी यह खासियत अंपायरिंग में भी दिखती थी। उन्होंने अंतिम सांस भी अंपायर की ड्रेस पहने हुए ली।
- **जिला स्तर के थे अच्छे खिलाड़ी-** मानिक गुप्ता क्रिकेटर थे। उन्होंने जिला स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। उन्हें कानपुर का बेहतर खिलाड़ी माना जाता था। बाद में उन्होंने अंपायरिंग की परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा पास कर वे कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अंपायर पैनल में शामिल हो गए। करीब 30 सालों से वे केसीए से जुड़े टूर्नामेंट और लीग मुकाबलों में अंपायरिंग करते थे। खिलाड़ियों के बीच उनकी साफ-सुथरी और निष्पक्ष छवि है। उन्हें सही फैसला देने वाले अंपायर के तौर पर पहचान मिली हुई थी। मानिक का परिवार उनकी अंपायरिंग से ही चल रहा था। बुधवार को यह घटना शुक्लागंज कस्बे के सप्रू मैदान में उस समय घटी, जब केसीए की ओर से केडीएमए लीग मैच का आयोजन हो रहा था। वाईएमसीसी और पैरामाउंट टीमों के खिलाड़ी मैदान पर जुटे थे। 65 वर्षीय अंपायर मानिक गुप्ता अंडर-13 के मैच में अंपायरिंग कर रहे थे। मैच खत्म होने के बाद घर जाने के लिए अंपायर जगदीश का मैदान में ही इंतजार कर रहे थे। जगदीश वाईएमसीसी और पैरामाउंट के बीच चल रहे मैच की अंपायरिंग कर रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया।

# पूर्व खिलाड़ियों पर टिप्पणी को लेकर शादाब खान को पीसीबी की चेतावनी

**मुंबई।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑलराउंडर शादाब खान को पूर्व खिलाड़ियों पर की गई टिप्पणी को लेकर नाराजगी जताई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड ने टीम मैनेजर के माध्यम से शादाब को भविष्य में शब्दों के चयन को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। रिपोर्ट के अनुसार, नामीबिया के खिलाफ मुकाबले के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शादाब ने टीवी चैनलों पर बैठकर उनकी चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाले पूर्व क्रिकेटरों पर पलटवार किया था। उन्होंने कहा था कि पूर्व खिलाड़ी दिग्गज रहे हैं, लेकिन वे भी वह हासिल नहीं कर सके जो हमने किया है। हमने विश्व कप में भारत को हराया है। बताया गया है कि पीसीबी ने टीम मैनेजर के जरिए शादाब को यह संदेश दिया कि वह अपने बयान में मयार्दा बनाए रखें। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि सभी पूर्व खिलाड़ी, जिनमें उनके ससुर और पूर्व स्पिनर सकलेन मुस्ताक भी शामिल हैं, पाकिस्तान क्रिकेट के सम्मानित नाम हैं और उनके प्रति सम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि टीम प्रबंधन को अन्य खिलाड़ियों को भी आगाह करने के निर्देश दिए गए हैं कि वे मैच से जुड़े विषयों तक ही सीमित रहें और विवादित टिप्पणियों से बचें, अन्यथा कार्रवाई हो सकती है।

# टी20 विश्व कप : बेनेट का अर्धशतक, रजा की तूफानी पारी से जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को हराया

**कोलंबो।** टी20 विश्व कप में गुरुवार को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सुपर एट्स में पहले ही जगह पक्की कर चुकी दोनों टीमें इस मैच में लय हासिल करने उतरी थीं, लेकिन सिकंदर रजा की 26 गेंदों पर 45 रनों की विस्फोटक पारी ने कोलंबो के दर्शकों को खामोश कर दिया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 182 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। जब सिकंदर रजा क्रीज पर आए तब जिम्बाब्वे का स्कोर 12वें ओवर में 98/2 था और टीम को 36 गेंदों में 65 रनों की जरूरत थी। श्रीलंका की पकड़ मजबूत नजर आ रही थी, लेकिन रजा ने आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने दुशान हेमंथा की गेंद पर लगातार बड़े शॉट लगाए और महीश तीक्षणा व दिलशान मदुशंका पर भी हमला जारी रखा। रजा की पारी ने समीकरण तेजी से जिम्बाब्वे के पक्ष में कर दिया। हालांकि 19वें ओवर की शुरूआत में हेमंथा ने रजा को आउट कर श्रीलंका को वापसी दिलाई। इसी ओवर में दासुन शनाका ने शानदार कैच पकड़कर तशिंगा मुसेकिवा को पवेलियन भेजा। अंतिम ओवर में जिम्बाब्वे को 6 गेंदों पर 8 रन चाहिए थे।

# ईशान किशन टी-20 आईसीसी बैटर रैंकिंग के टॉप 10 में

### 17 पायदान की छलांग लगाई, पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की आतिशी पारी का फायदा

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच ताजा टी-20 रैंकिंग जारी कर दी है। इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन टॉप-10 बैटर्स में शामिल हो गए हैं। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्डकप में खेली गई 77 रनों की पारी का फायदा मिला। ईशान 17 पायदान चढ़कर बल्लेबाजों की लिस्ट में 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। लिस्ट में टॉप पर भारत के ही अभिषेक शर्मा हैं। गेंदबाजी में भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दुनिया के नंबर-1 टी-20 गेंदबाज बने हुए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स की लिस्ट में पाकिस्तान के सईम अयूब एक बार फिर नंबर-1 बन गए हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ डक पर आउट होने के बाद भी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट दूसरे स्थान पर काबिज हैं। श्रीलंका के विस्फोटक बल्लेबाज पथुम निसंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैंडी में शानदार शतक जड़कर तीन स्थान की छलांग लगाई और तीसरे नंबर पर पहुंच गए। इंडिया के तिलक वर्मा भी एक पायदान की छलांग लगाते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 2 स्थान नीचे लुढ़क गए हैं। साहिबजादा अब 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर को भी तीन स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह 7वें पायदान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को भी एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है, बावजूद इसके दोनों बल्लेबाज टॉप-10 में बने हुए हैं। अब सीफर्ट 9वें जबकि हेड 10वें स्थान पर खिसक गए हैं। साहिबजादा फरहान भारत के खिलाफ 15 फरवरी को खेले गए मैच में जीरो पर आउट हुए थे। उन्हें हार्दिक पंड्या ने आउट किया था। गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती 787 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर मजबूत बने हुए हैं। हालांकि, अफगानिस्तान के राशिद खान अब एक पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और वे वरुण के काफी करीब हैं। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस को वर्ल्ड कप में लगातार दो मैचों में 3-3 विकेट लेने का फायदा हुआ है। वे अब 10 पायदान की छलांग लगाकर करियर की बेस्ट 5वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल भी 15वें और 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की कैटेगरी में नंबर-1की कुर्सी के लिए सईम अयूब और सिकंदर रजा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।



# जीएसटी घटाकर लोगों को दी राहत, 6 माह में ही दाम बढ़ा कंपनियों ने कर दी छूमंतर

## लागत में बढ़ोतरी की वजह बता बढ़ा दिए दाम

एजेंसी



**नई दिल्ली।** तू डाल-डाल, मैं पात-पात......यह कहावत मोदी सरकार और एफएमसीजी कंपनियों के हालिया समीकरण पर सटीक बैठती है। केंद्र सरकार आम आदमी को राहत दिलाने की कितनी भी कोशिश क्यों न कर ले, लेकिन कंपनियों ने ठान रखा है कि हम ऐसा नहीं होने देने वाले है। अभी 4 माह पहले ही केंद्र सरकार ने रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले 200 से भी ज्यादा आइटम पर जीएसटी घटाकर आम आदमी को राहत दिलाने की कोशिश की थी, लेकिन एफएमसीजी कंपनियों ने इन सभी प्रोडक्ट के दाम बढ़ाकर राहत को एक झटके में छूमंतर कर सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया है। दरअसल एफएमसीजी कंपनियों ने तेल, साबुन, टूथपेस्ट सहित तमाम दैनिक उपयोग वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी की है। इन एफएमसीजी कंपनियों का कहना है कि लागत में बढ़ोतरी की वजह से इन वस्तुओं के दाम बढ़ाना जरूरी हो गया है। डॉलर के मुकाबले रुपये में आ रही गिरावट से कच्चे माल का आयात महंगा हो गया है, जिसका सीधा असर उत्पादन लागत पर पड़ रहा है। इसके बाद इन प्रोडक्ट की कीमतों में बढ़ोतरी करना मजबूरी हो गया है।

### रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के बढ़े हैं दाम

वहीं इस पूरे मामले में डिस्ट्रीब्यूटर्स का कहना है कि डिटर्जेंट, हेयर ऑयल से लेकर चॉकलेट, बिस्कुट, नूडल्स, अनाज सहित तमाम रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम बढ़े हैं। इस महीने के आखिर तक इन चीजों के बढ़े दाम वाली पैकेट खुदरा दुकानों पर पहुंच जाएगी और ग्राहकों को भी महंगी कीमत पर सारे सामान खरीदना होगा। जीएसटी कटौती के बाद इन सभी की खपत 6 फीसदी बढ़ गई थी, लेकिन अब फिर से बिक्री पर दबाव पड़ सकता है. डाबर इंडिया के सीईओ ने बताया कि चालू वित्तवर्ष की चौथी तिमाही में वस्तुओं के दाम 2 फीसदी तक बढ़ाए हैं, जो अगले साल भी लागू रहेंगी। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट के प्रबंध निदेशक ने कहा है कि चाय की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। जनवरी से अप्रैल तक बढ़ोतरी की समीक्षा होगी और उसके बाद आगे कीमतें बढ़ाने पर फैसला किया जाएगा। जाहिर है कि इन दोनों कंपनियों के प्रोडक्ट आने वाले दिनों में महंगे हो जाएंगे। सर्फ एक्सेल और रिन जैसे प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलिवर ने भी तेल, साबुन, शैंपू, डिटर्जेंट और पर्सनल केयर उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का फैसला कर लिया है। कंपनी का कहना है कि इन सभी उत्पादों को बनाने में वनस्पति तेल का इस्तेमाल होता है, जिसका आयात महंगा हुआ है। लिहाजा उत्पादन लागत बढ़ने की वजह से इसकी कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया है। बाजार में बढ़ी हुई कीमत वाली पैकेट भी जल्द ही पहुंच जाएगी।

## चार नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली।** अगले कुछ हफ्तों में मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और टोयोटा जैसी बड़ी वाहन निमार्ता कंपनियां चार नई इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च करने जा रही हैं। सभी मॉडलों की लॉन्च डेट तय हो चुकी है और इनमें नए डिजाइन, स्मार्ट फीचर्स और बेहतर रेंज मिलने की उम्मीद है। ईवी की लोकप्रियता को देखते हुए कंपनियां ऐसी इलेक्ट्रिक कारें पेश कर रही हैं, जो पेट्रोल-डीजल के मुकाबले ज्यादा किफायती और पर्यावरण के अनुकूल हों। इन्हीं में से एक है टाटा की पंच ईवी, जिसे दो साल पहले पेश किया गया था और अब इसे अपडेटेड लुक में 20 फरवरी से बिक्री के लिए उतारा जा रहा है। नया मॉडल पहले से ज्यादा मॉडर्न और स्लीक है, हालांकि बैटरी और मोटर में बदलाव नहीं किया गया है। इसके बाद कंपनी अपनी लोकप्रिय एसयूवी सियेरा ईवी का इलेक्ट्रिक वर्जन भी लॉन्च करने वाली है। इसका डिजाइन टाटा की बाकी एसयूवी से अलग होगा और सामने क्लोज्ड पैनल मिलेगा। उम्मीद है कि यह रियर व्हील और ऑल व्हील ड्राइव दोनों विकल्पों में आएगी। मार्च में इसके लॉन्च की संभावना काफी मजबूत मानी जा रही है। मारुति भी अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा बाजार में लाने की तैयारी में है। यह दो वैरिएंट में आएगी और एक बार चार्ज होने पर 440 से 543 किलोमीटर तक चलने का दावा किया जा रहा है। इसमें वेंटिलेटेड सीट, बड़ा टचस्क्रीन, डिजिटल कंसोल और स्लाइडिंग रियर सीट जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलेंगे। कंपनी फरवरी के अंत तक इसकी कीमतों की घोषणा कर सकती है। वहीं टोयोटा अर्बन क्रूजर ईबेला भी इसी अवधि में लॉन्च हो सकती है। अंदर से यह ई-विटारा जैसी ही है, लेकिन इसका फ्रंट डिजाइन ज्यादा प्रीमियम रखा गया है। बैटरी और मोटर सेटअप वही होगा जो मारुति की इलेक्ट्रिक एसयूवी में मिलेगा। बता दें कि भारतीय ऑटोमोबाइल मार्केट में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है और आने वाला मार्च महीना ईवी खरीदारों के लिए बेहद खास साबित होने वाला है।

## 8वें वेतन आयोग में 3.25 का फॉर्मूला, 18 हजार से बढ़कर 58500 हो जाएगी सैलरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का इंतजार है। वैसे तो वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होन में 18 से 20 महीने लगेंगे लेकिन इससे पहले लोग अपने तरीके से कैल्कुलेशन कर रहे हैं। दरअसल, वेतन आयोग की सिफारिशों में फिटमेंट फैक्टर बड़ी भूमिका निभाने वाला है। फिटमेंट फैक्टर के आधार पर ही सातवें वेतन आयोग ने सैलरी में बढ़ोतरी की थी और अब एक बार फिर से इसी को आधार बनाए जाने के आसार हैं। इसे बेसिक सैलरी से गुणा किया जाता है। अब सवाल है कि आखिर फिटमेंट फैक्टर कितना हो सकता है दरअसल, कर्मचारी संगठनों ने 2.86 से लेकर 3.25 तक के फिटमेंट फैक्टर की मांग रखी है। यदि 3.25 का फैक्टर लागू होता है तो वर्तमान न्यूनतम बेसिक वेतन 18,000 रुपये से बढ़कर 58,500 रुपये पर पहुंच सकता है। बता दें कि सातवें वेतन आयोग ने 2.57 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया था, जिससे न्यूनतम वेतन 7,000 रुपये से बढ़कर 18,000 रुपये हो गया था। आठवें वेतन आयोग से डिमांड को लेकर नेशनल काउंसिल (स्टाफ साइड) की जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी की ड्राफ्टिंग कमेटी 25 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में बैठक कर रही है। इस बैठक में कर्मचारियों और पेंशनरों की मांगों का संयुक्त ज्ञापन तैयार किया जाएगा। यह चर्चा लगभग एक सप्ताह तक चलने की संभावना है। कर्मचारी संगठनों ने फिटमेंट फैक्टर के अलावा 5 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) के तर्कसंगत निर्धारण, महंगाई भत्ता की नई संरचना और पेंशन संशोधन फॉमूर्ले पर भी चर्चा की मांग की है। 8वें वेतन आयोग की वेबसाइट हाल ही में शुरू हो गई है। सरकार ने संबंधित व्यक्तियों और हितधारकों से सुझाव और राय आमंत्रित की हैं, जिससे लाखों केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को राहत मिली है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जनवरी 2025 में 8वें वेतन आयोग की घोषणा की थी। इसके कुछ महीनों बाद, पिछले साल 3 नवंबर को वित्त मंत्रालय ने इसे औपचारिक रूप से अधिसूचित किया था।

# गूगल पांच साल में करीब 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का करेगी निवेश

## एआई इम्पेक्ट समिट-2026 में कई विदेशी कंपनियों से हुई भारत की भारी डील

एजेंसी




**नई दिल्ली।** एआई इम्पेक्ट समिट-2026 में भारत को विदेशी कंपनियों से ढेरों निवेश मिले हैं, जिसमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया और क्वालकॉम जैसी कंपनियां शामिल हैं। समिट में कंपनियों ने बताया है कि वे भारत में डेटा सेंटर्स और न्यू एआई मॉडल को डेवलप करेंगे। बुधवार को गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने पीएम मोदी से मुलाकात की और बताया कि कंपनी अगले पांच साल में भारत में करीब 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। समिट में गूगल सीईओ और गूगल डीपमाइंड जीफ डेमिस हासाबिस दोनों भारत में हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गूगल का निवेश देश के पहले बड़े एआई हब को तैयार करेगा। प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा हिस्सा आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में बनने वाला मेगा एआई डेटा सेंटर है। इसमें एआई मॉडल ट्रेनिंग, क्लाउड सर्विस और कंप्यूटिंग का केंद्र बनेगा। एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को ऐलान किया है कि वह ग्लोबल साउथ में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश आने वाले चार साल के दौरान की जाएगी। माइक्रोसॉफ्ट ने बीते साल भारत में 17.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का ऐलान किया था।

योट्टा डेटा सर्विसेज ने भी ऐलान किया है कि वह एनवीडिया के लेटेस्ट चिप्स के डेवलपमेंट पर 2 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश करेंगे। इसके लिए वह एक एआई कंप्यूटिंग हब तैयार करेंगे, जिसमें देश की शुरूआती चरण में मौजूद एआई पहल को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए योट्टा अपने एक्सपेंशन के इनवेस्टर्स से करीब 1.2 अरब डॉलर इकट्ठा करने की योजना बना रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान देश में दुनियाभर की टेक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम करने वाली कंपनियां मौजूद हैं। भारतीय स्टार्टअप नेक्सा एआई ने 1.2 बिलियन डॉलर यानी करीब 10,000 करोड़ रुपए की बड़ी फंडिंग जुटाकर सभी का ध्यान खींचा। इसमें ग्लोबल दिग्गज ब्लैकस्टोन ने भी निवेश किया है। नेक्सा असल में एक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है1 यह कोई चैटबॉट या कंप्यूमर ऐप नहीं बनाती है, बल्कि सीधे तौर पर टेक्निकल स्ट्रक्चर तैयार करती है।

## एआई इम्पैक्ट समिट में सुंदर पिचाई बोले—

# बहुत अच्छा लग रहा है भारत वापस आकर

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राजधानी में आयोजितएआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री मोदी के साथ कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों और वैश्विक उद्योग जगत के दिग्गजों की मौजूदगी ने भारत की तकनीकी नेतृत्व क्षमता को नई पहचान दी। समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति एम्मुनल मेक्रोन , ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डिसिल्वा सहित अनेक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यहां सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हर बार बदलाव की रफ्तार चौंका देती है।

सीईओ गूगल और अल्फाबेट सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हर बार बदलाव की रफ्तार चौंका देती है। उन्होंने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए चेन्नई से आईआईटी खड़गपुर तक कोरोमंडल एक्सप्रेस की यात्रा का जिक्र किया और विशाखापत्तनम को कभी शांत तटीय शहर बताया। आज उसी शहर में गूगल 15 बिलियन डॉलर के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के तहत फुल-स्टैक एआई हब विकसित कर रहा है। राष्ट्रपति मैक्रों ने अपने संबोधन में भारत के डिजिटल परिवर्तन की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले मुंबई का एक स्ट्रीट वेंडर बैंक खाता नहीं खोल सकता था, लेकिन आज वही व्यक्ति मोबाइल से डिजिटल पेमेंट ले रहा है। उन्होंने इंडिया स्टैक को ओपन, इंटरऑपरेबल और संप्रभु डिजिटल मॉडल बताते हुए कहा कि 1.4 बिलियन लोगों के लिए डिजिटल आइडेंटिटी, हर महीने 20 बिलियन ट्रांजैक्शन प्रोसेस करने वाला पेमेंट सिस्टम और 500 मिलियन डिजिटल हेल्थ आईडी-ये उपलब्धियां वैश्विक उदाहरण हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समिट को ग्लोबल साउथ का पहला और अब तक का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन तकनीक को लोकतांत्रिक बनाना और उसके लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी की असली कीमत तभी है जब वह जन-जन के जीवन को आसान बनाए।

उद्योग जगत की ओर से नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत एआई को लेकर आशावादी देश है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल आइडेंटिटी सिस्टम का उल्लेख करते हुए बताया कि 1.4 बिलियन लोगों को जोड़ने वाला यह ढांचा भारत की डिजिटल ताकत का प्रमाण है। एआई समिट ने स्पष्ट कर दिया है कि एआई की वैश्विक दिशा तय करने में भारत अब केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। तकनीकी नवाचार, डिजिटल समावेशन और वैश्विक सहयोग के इस मंच ने भारत को एआई युग का प्रमुख रणनीतिक खिलाड़ी स्थापित कर दिया है।

# 21वीं सदी में भारत दुनिया की सबसे बड़ी एआई शक्तियों में से एक बनकर उभरेगा : मुकेश अंबानी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने गुरुवार को इंडिया एआई समिट में कहा कि ये समिट भारत के एआई इतिहास में एक अहम और निर्णायक पल है। उनके मुताबिक, यह समिट देश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नई दिशा और तेज रफ्तार देने वाला है। इससे भारत दुनिया में एआई के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा सकता है। 21वीं सदी में भारत दुनिया की सबसे बड़ी एआई शक्तियों में से एक बनकर उभरेगा। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एआई पावर्ड भारत का विजन सिर्फ भारत के लिए नहीं, बल्कि ग्लोबल साउथ के देशों के लिए भी एक मॉडल बनेगा। उनका मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक और नई तकनीक नहीं है, बल्कि इंसान अब इंसानों जैसी सोचने और समझने वाली प्रणालियां बना रहा है। रिलायंस के चैयरमैन अंबानी ने एआई को हर यंत्र को शक्ति देने वाला मंत्र बताया, जो कामकाज की क्षमता और दक्षता को कई गुना बढ़ा सकता है। उन्होंने एआई की तुलना अक्षयपात्र कर कहा कि यह ऐसी शक्ति है जो असीमित दक्षता और संभावनाएं प्रदान कर सकती है।

मुकेश अंबानी ने कहा कि क्या हमें अलग-थलग राष्ट्रों की तरह काम करना चाहिए या एकजुट वैश्विक परिवार की तरह अगर एआई सिर्फ ग्लोबल नॉर्थ के देशों तक सीमित रहा, तब यह असमानता और बढ़ेगी। लेकिन एक ऐसा भविष्य भी संभव है जहां एआई सभी के लिए उपलब्ध हो। मुकेश अंबानी ने कहा कि लोकतंत्र, जनसंख्या और डिजिटल ताकत के मामले में भारत का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। भारत दुनिया का सबसे बड़ा डेटा उपभोक्ता है और अब दिल्ली से लेकर दूर-दराज के गांवों तक डिजिटल सेवा में बड़ा अंतर नहीं रहा। जिओ ने 50 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों के साथ देश को इंटरनेट युग से जोड़ा और अब वह भारत को इंटेलिजेंस युग से जोड़ने की तैयारी में जुट गया है। उन्होंने कहा कि आज एआई के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती कंप्यूटिंग क्षमता की कमी और उसकी ऊंची लागत है। जियो इंटेलिजेंस भारत के लिए स्वदेशी कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है, जिसमें मल्टी-गीगावॉट स्तर की क्षमता तैयार की जा रही है और 120 मेगावॉट क्षमता इस साल शुरू होगी।

## वोडाफोन आइडिया ने पेश किए अनलिमिटेड डेटा प्लान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अपने पोस्टपेड ग्राहकों के लिए वोडाफोन आइडिया ने लिमिटलेस यानी अनलिमिटेड डेटा प्लान पेश किए हैं। ये प्लान 4जी और 5जी दोनों नेटवर्क पर उपलब्ध हैं और इन्हें फिलहाल आंध्र प्रदेश सर्किल में शुरू किया गया है। नए प्लान की कीमतें 451 रुपये से 1201 रुपये तक रखी गई हैं। कंपनी के मुताबिक, इन प्लान्स में अनलिमिटेड डेटा के साथ ओटीटी सेवाएं और कॉलिंग बेनेफिट्स भी शामिल हैं, जिनके बदलाव अब कंपनी की वेबसाइट पर दिखाई देने लगे हैं। वीआई मेक्स 451 पोस्टपेड प्लान सबसे किफायती विकल्प है, जिसमें अनलिमिटेड कॉलिंग, 3000 एसएमएस, 50जीबी डेटा और 200जीबी तक डेटा रोलओवर की सुविधा मिलती है।

खास बात यह है कि 50जीबी डेटा खत्म होने के बाद भी यूजर्स को अनलिमिटेड 5जी डेटा मिलेगा। साथ ही रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक अनलिमिटेड नाइट डेटा भी उपलब्ध है। यूजर एक ओटीटी सब्सक्रिप्शन चुन सकते हैं, जिनमें डिज्नी प्लस हॉटस्टार, सोनी लाइव और सन एनएक्सटी शामिल हैं। वीआई मेक्स 551 प्लान में यूजर्स को 90जीबी डेटा और 200जीबी तक डेटा रोलओवर मिलता है।

# चिप कंपनी क्वालकॉम भारतीय स्टार्टअप्स के सपोर्ट के लिए 150 मिलियन डॉलर निवेश करेगी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिग्गज अमेरिकी चिप कंपनी क्वालकॉम ने सभी प्रकार के भारतीय स्टार्टअप्स के सपोर्ट के लिए 150 मिलियन डॉलर निवेश करने का ऐलान कर दिया है। क्वालकॉम कंपनी ने कहा कि इसके जरिए उनकी कोशिश भारत में बढ़ती टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इसमें प्रमुख फोकस ऑटोमौटिव के लिए एआई, आईओटी, रोबोटिक्स और मोबाइल टेक्नोलॉजी पर होगा। क्वालकॉम के प्रेसिडेंट और सीईओ क्रिस्टियानो एमोन ने कहा, क्वालकॉम अपने नए स्ट्रेटेजिक एआई वेंचर फंड के माध्यम से उन कंपनियों में निवेश कर रहा है जो भारत में एआई के अगले अध्याय को आगे बढ़ा रही हैं। अमोन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक नए चरण में प्रवेश कर रही है, जहां इंटेलिजेंस सीधे उन उपकरणों और प्रणालियों में अंतर्निहित होगी जिन पर लोग प्रतिदिन निर्भर रहते हैं, चाहे वे स्मार्टफोन और पीसी, कारें, औद्योगिक मशीनें और रोबोट आदि हों। इससे अधिक समृद्ध और सार्थक अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव संपूर्ण उद्योगों को नया रूप देगा।

अमोन ने कहा कि भारत में सभी क्षेत्रों में एआई इनोवेशन को बढ़ावा देने में स्टार्टअप इकोसिस्टम की महत्वपूर्ण भूमिका है। कंपनी ने बताया कि यह वेंचर फंड भारत के तकनीकी परिदृश्य के प्रति क्वालकॉम की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता रेखांकित करता है और यह वैश्विक स्तर पर अत्याधुनिक एआई को आगे बढ़ाने में कंपनी के नेतृत्व के अनुरूप है। दरअसल क्वालकॉम का लक्ष्य उभरती कंपनियों को परिवर्तनकारी, बाजार में अग्रणी समाधान विकसित करने में मदद करना है, इसके लिए वह संस्थापकों को अपनी गहन तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक उद्योग नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करके नवाचार को गति प्रदान करती है। कंपनी ने अपने बयान में बताया कि क्वालकॉम 2007 से भारत के स्टार्टअप समुदाय में निवेश कर रहा है और उसने मैपमाईइंडिया (डिजिटल मानचित्र और नेविगेशन समाधान प्रदाता), आइडियाफोर्ज (ड्रोन प्रौद्योगिकी में अग्रणी) आदि जैसी 40 से अधिक कंपनियों का समर्थन किया है।

# 24 फरवरी को टाटा समूह बोर्ड की अहम बैठक, चंद्रशेखरन के भविष्य पर होगा फैसला!

### पिछले साल नोएल टाटा ने रखा था प्रस्ताव

एजेंसी



**नई दिल्ली।** टाटा समूह के लिए अगला सप्ताह काफी अहम होगा। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अगले सप्ताह टाटा संस के बोर्ड की मीटिंग होने वाली है। 24 फरवरी को प्रस्तावित इस बैठक में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल पर फैसला होगा। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में बोर्ड के सामने तीसरे कार्यकाल को मंजूरी देने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। बिजनेस स्टैंडर्ड के एक सूत्र के अनुसार टाटा संस बोर्ड में कार्यकाल बढ़ाने की चर्चा से चंद्रशेखरन खुद को अलग रखेंगे। बता दें कि एन चंद्रशेखरन का दूसरा कार्यकाल अगले वर्ष पूरा होने वाला है, ऐसे में समय से पहले ही उनके नेतृत्व को लेकर स्पष्टता लाने की तैयारी की जा रही है। टाटा संस के सबसे बड़े शेयरधारक टाटा ट्रस्ट्स ने पिछले साल एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल की सिफारिश करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। उस बैठक में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने चंद्रशेखरन को टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में पांच साल के लिए फिर से नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा था। अब इस प्रस्ताव पर बोर्ड की मंजूरी जरूरी है। चंद्रशेखरन के दूसरे कार्यकाल की बात करें तो साल 2022 में जब कार्यकाल बढ़ाया गया था, तब टाटा ट्रस्ट्स के तत्कालीन अध्यक्ष और समूह के मानद अध्यक्ष रतन टाटा ने टाटा संस बोर्ड की बैठक में हिस्सा लिया था।

# रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव कर सुभारंभ आइज



## खाटू नरेश कर केशर चंदन तिलक सिंगार

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल कर 54वां स्थापना दिवस सह रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव श्री गणेश पूजन कर संगे 20 फरवरी से हरमू रोड कर श्री श्याम मंदिर में सुरु होवी। बिहाने 9:15 बजे राजेश सिंघानिया, सारिका सिंघानिया गणेश पूजन, ध्वज स्थापना आउर हवन अनुष्ठान कर पूजन काम के संपन्न कराबयं। खाटूनरेश कर बिफे के अमावस्या महास्नान कर बाद मंडल कर अध्यछ गोपाल मुरारका आउर कोसाध्यछ मनोज खेतान कर सानिध्य में मंदिर कर आचार्य कर संगे बिधि बिधान से केसर चंदन तिलक सिंगार करल गेलक।

बिहाने 9.30 बजे हरमू रोड कर गौशाला से श्री श्याम कथा कर सुभ अवसर में कलश जात्रा सुरु होवी। ई श्री श्याम मंदिर में आए के संपन्न होवी। जयपुर से परसिध पाठ वाचक गिरिराज शरण बिफे के सांझ कर 5 बजे रांची आए चुइक हयं। श्री श्याम कथा कर मुध यजमान कमल मोर, प्रतीक मोर आपन परिवार कर संगे श्री श्याम कथा कर पूजन पाठ बिधि बिधान से मंदिर परिसर में सुरु कराबयं। श्री श्याम कथा कर आयोजन संगीतमय भजन आउर नृत्य नाटिका कर संगे करल जाई। मुध यजमान कमल मोर, प्रतीक मोर आपन परिवार कर संगे कलश जात्रा कर संगे श्री श्याम कथा कर आयोजन कर सुभारंभ महाराज गिरिराज शरण कर सानिध्य में करबयं। मंदिर परिसर में 20, 21 आउर 22 फरवरी के रोज सांझ जार 4 बजे से श्री श्याम कथा पाठ करल जाई। मंडल अध्यछ गोपाल मुरारका धर्म प्रेमीमन ई कथा में भाग लेवेक कर आग्रह कइर हयं। कोलकाता कर कारीगर मंदिर परिसर के सजायेक में राइत दिन लागल हयं।

मंडल कर अध्यछ गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, मंत्री पंकज गाड़ोदिया, विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, आदित्य लोहिया, रोहित अग्रवाल, रोशन खेमका, निखिल नारनौली, सर्वेश अग्रवाल, किशन शर्मा, अमित शर्मा, हेमंत जोशी संगे सैकड़ों कार्जकर्ता व्यघवस्थाम में राइत दिन लागल हयं।









# राजकीय इटखोरी महोत्सव कर सुभारंभ पहिल दिन कई कार्जकरम आयोजित

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**चतरा।** तीन दिनक राजकीय इटखोरी महोत्सव 2026 कर सुभारंभ बिफे के भेलक। बित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर आउर पेयजल मंत्री योगेंद्र प्रसाद महोत्सव कर बिधिवत उद्घाटन करलयं। ई अवसर में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा बिधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया बिधायक उज्ज्वल कुमार दास, पूर्ब मंत्री सत्यानंद भोगता, जिला परिसद अध्यछा ममता कुमारी आउर जिला परिसद उपाध्यछ ब्रिज किशोर तिवारी संगे कई जनप्रतिनिधि आउर गनमान्य अदमी पहुँचल रहयं।

समारोह कर दौरान गोतियामन इटखोरी कर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक आउर आध्यात्मिक बिरासत के समर्पित कॉफी टेबल बुक कर बिमोचन करल गेलक। संगे सरधालुमन आउर आमजन कर सुबिधा ले मां भद्रकाली मंदिर ले बिकसित आधिकारिक बेबसाइट कर भी लोकारपन करल गेलक। उद्घाटन कर बाद सउब गोतियामन मां भद्रकाली मंदिर पहुंइच के पूजा-अर्चना करलयं आउर राइज कर सुख-समरिधि कर कामना करलयं।

ई अवसर में उपायुक्त कीर्तिश्री कहलयं कि राजकीय इटखोरी महोत्सव छेतर कर सांस्कृतिक पहचान के रास्ट्रीय पटल में स्थापित करेक कर ससक्त माध्यम हय। ऊ महोत्सव कर सफल आयोजन ले सउब बिभाग आउर आम अदमीमन कर सहजोग ले आभार बेक्त करलयं। महोत्सव कर पहिल दिन सांस्कृतिक कार्जकरम, पारंपरिक लोकनृत्य आउर रंगारंग प्रस्तुति दरसकमन कर मन मोइह लेलक। आगामी दुई दिन तक बिबिध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक आउर पर्यटन आधारित गतिबिधि कर आयोजन करल जाई।







# श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर में फुलेरा दूज में दिसलक भक्ति आउर उल्लास कर संगम



## सामूहिक महाआरती में बड़ संख्या में सरधालुमन सामिल होलयं

**प्रातः नागपुरी संवददाता**

**रांची।** पुंदाग कर श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में फुलेरा दूज ले बिसेस धार्मिक अनुष्ठान कर आयोजन करल गेलक। मंदिर परिसर भक्ति, सरधा आउर आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहे। बिहाने से हे सरधालुन कर आगमन सुरु होए गेलक। गोटा बाताबरन राधे-राधे कर जयघोस से गुंजायमान होए उठलक। ई अवसर में भगवान श्री राधा-कृष्ण कर वृंदावन से आवल जड़ित आभूसन आउर मनमोहक पोसाक से अलौकिक आउर मनोहारी सिंगार करल गेलक। रंग-बिरंग फुल से सजल दरबार कर छटा देखतेहे बनत रहे। फुलेरा दूज के ब्रज में होली उत्सव कर सुभारंभ कर प्रतीक मानल जायेला।

मंदिर कर पुजारी पंडित अरविंद पांडेय बिधि बिधान से पूजा-अर्चना आउर बिसेस अनुष्ठान संपन्न करालयं। प्रसाद में केसरिया खीर, मेवा, फल, पेड़ा, कर भोग लगाल गेलक। फिन भजन सांझ कर आयोजन भेलक। इकर में भक्तमन संकीर्तन कर माध्यम से प्रभु कर महिमा कर गुनगान करलयं। सामूहिक महाआरती में बड़ संख्या में सरधालु सामिल होलयं। आखरी में प्रसाद बांटल गेलक। ई अवसर में राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल कहलयं कि फुलेरा दूज प्रेम, सौहार्द आउर भक्ति कर संदेस देवेला। जिनगी में सकारात्मकता आउर आनंद कर संचार करेला। संजय सर्राफ कहलयं कि फुलेरा दूज हमिन के भगवान श्री राधा-कृष्ण कर दिव्य प्रेम आउर भक्ति भावना के जिनगी में अपनायेक कर प्रेरना देवेला।







# बीआईटी मेसरा लालपुर में चललक मतदाता जागरुकता अभियान

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपुर कर एनएसएस इकाई तत्वावधान में नगर निगम चुनाव के लेइ के सउब छात्र-सिछकमन कर बीच मतदाता जागरुकता अभियान चलाल गेलक। इकर नेतृत्व संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव करलयं। इकर तहत सउब सदस्यमन जुवामन के मतदान करेक आउर उकर फायदा पोस्टर आउर सेल्फी कर माध्यम से बताल गेलक। संस्थान कर प्रभारी डॉ विजय कुमार झा कर द्वारा सेल्फी कर संगे ई अभियान कर सुरुआत करल गेलक। इकर में सहायक कुलसचिव नरेन्द्र कुमार, डॉ प्रदीप मुंडा, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ अनीश हैदर, राणा मिश्रा, डॉ सौमित्रो चक्रवर्ती, डॉ उमेश प्रसाद, एनएसएन कर सदस्य श्रेया जायसवाल, अभिलाषा, संचिता, श्रेया सिंह, शिवेंदु, हर्ष, स्वधा, मेधा, संपूर्ण, हर्षिका, निमेष भी उपस्थित रहयं।






## सउब पेयार



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

आब काहां रहेला
पेयार,पेयार जइसन,
पेयार बइन जाथे
बेयापार जइसन,
आब काहां रहेला
पेयार,पेयार जइसन।
सुन्दर चेहरा कर
आगे पिछे घुमना,
मिलना -जुलना फिन
लड़ाइ -झगड़ा ओर खोजना,
चले जबान तलवाइर जइसन
आब काहां रहेला
पेयार,पेयार जइसन।
ना लाज ना डर
कांधे हांथ तेंगइर
चाहे जे हो उमइर,
जनमाल मांय बाप से
बागरा अधिकार कइसन ?
छन भइर सुख तले
टुटेला दिल तार जइसन,
आब काहां रहेला
पेयार,पेयार जइसन।
आब काहां रहेला
पेयार,पेयार जइसन,
पेयार बइन जाथे
बेयापार जइसन,
आब काहां रहेला
पेयार,पेयार जइसन।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com